खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
देहरादून, बुधवार 3 जून 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 295 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम : 32°C
न्यूनतम : 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


महबूबा ने की जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा प्रतिनिधिमंडल भेजने की अपील पेज 2


आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का खेल टाइम्स


टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था सम्पादकीय


लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फटकार लगाई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों ने ली पद की शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किए गए पांच नए न्यायाधीशों ने मंगलवार को पद की शपथ ले ली। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्रीचंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा पिछले महीने की गई सिफारिशों के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की थी।

### कर्नाटक में मंत्री पदों को दौड़ हुई तेज, 40 MLA पहुंचे दिल्ली

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक मंत्रिमंडल में महज उपलब्ध दस मंत्री पदों की होड़ में शामिल कांग्रेस के चालीस विधायकों ने नई दिल्ली को राज्य की राजनीति का मुख्य केंद्र बना दिया है। इस कारण बुधवार को मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले लॉबिंग और उच्च स्तरीय विचार-विमर्श का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस आलाकमान की ओर से मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप दिया जाना हालांकि अभी बाकी है। ऐसे में 40 से अधिक विधायक नई सरकार में शामिल होने का दावा ठोंकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। दावेदारों की इस भारी भीड़ ने मंत्रिमंडल गठन की कवायद को पेचीदा बना दिया है।

### NHRC ने 53 गर्भवती महिलाओं की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश के सिंधी जिले में चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता के अभाव के कारण एक वर्ष के भीतर 53 गर्भवती महिलाओं की मौत होने की खबर का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने मामले को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच सिंधी जिले में प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद कुल 53 महिलाओं की मौत हुई।

### प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर योजना के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पीएमआरसी केंद्र सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कार्यरत भारतीय मूल के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों से जोड़ना है।


नई दिल्ली: आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सऊदी अरब से लौटने वाली पहली उड़ान से आए एक हज यात्री का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजु।

# वेदांता समूह के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में मंगलवार को अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह के परिसरों पर छापेमारी की।

यह छापेमारी वेदांता द्वारा अपनी मुख्य कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को किए गए रॉयल्टी भुगतान की जांच के सिलसिले में समूह के मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों पर की जा रही है। इस मामले पर वेदांता के प्रवक्ता ने कहा कि हम अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और मांगी




■ फेमा के उल्लंघन का आरोप

गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। कंपनी सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि यह मामला अभी नियामक प्रक्रिया के अधीन है, इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कंपनी अपने कारोबार को चार नई सूचीबद्ध कंपनियों में बांटने (डी मर्जर) की प्रक्रिया में जुटी है। कंपनी को इस बंटवारे की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विनियामक मंजूरियां भी मिल चुकी हैं। प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की रिपोर्टों के बाद वेदांता के शेयरों पर बिकवाली का दबाव देखा गया और वे घाटे में चले गए।

### सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क की जांच के सिलसिले में चार शहरों में छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने सलीम इस्माइल डोला और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से संचालित अंतर्राष्ट्रीय संगठित नशीले पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत जारी जांच के सिलसिले में मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट में 20 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

## ओएसएम विवाद के बाद सरकार का एक्शन

# CBSE चेयरमैन और सचिव का किया तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन व सीनियर ब्यूरोक्रेट वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्तकिया गया है। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी।

जारी आदेश के अनुसार इस जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि समिति की अध्यक्ष एस. राधा चौहान आवश्यकता पड़ने पर अन्य




**ओएसएम खरीद प्रक्रिया की होगी जांच, लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया**

विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता भी ले सकेंगी। वहीं समिति को सचिवीय सहायता कैपेसिटी बिल्डिंग कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने जांच समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### सीबीएसई: री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़ा साइबर हमला

**दो मिनट में आए 15 लाख हिट, अब तक 16 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे। बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए।

# सलमान खान ने 'काला हिरण' के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 'काला हिरण' फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा है।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म 1998 के काले हिरण (ब्लैक बक) के शिकार के मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और उन्होंने फिल्म की रिलीज और इसके प्रचार-प्रसार से जुड़ी सभी गतिविधियों को रोकने की मांग की है। सलमान खान के कानूनी प्रतिनिधियों ने फिल्म के कास्टिंग निदेशक अक्षय पांडे को जारी किए गए नोटिस में यह तर्क दिया गया है कि यह प्रोजेक्ट काले हिरण मामले से जुड़ी चल रही न्यायिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और अभिनेता की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकता है। नोटिस के अनुसार, ब्लैक बक मामला अभी भी राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित है। इस मामले का कोई भी नाटकीय या सनसनीखेज चित्रण सलमान खान के खिलाफ पूर्वाग्रह पैदा कर



■ **आरोप लगाया: फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ**

सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के उनके अधिकार को कमजोर कर सकता है। कानूनी टीम ने तर्क दिया है कि फिल्म की सामग्री, विचाराधीन मामले के बारे में जनता की राय को प्रभावित करके, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकती है। नोटिस में कहा गया है कि खान के प्रतिनिधियों को इस फिल्म के बारे में तब पता चला, जब ऐसी खबरें आईं कि फिल्म निर्माता अभिनेताओं से संपर्क कर रहे हैं और प्रचार सामग्री बांट रहे हैं। इस सामग्री में फिल्म की कहानी और किरदारों के रेखाचित्र शामिल थे, जिनमें कथित तौर पर अभिनेता और 'ब्लैक बक मामले' का जिक्र किया गया था। सलमान खान की कानूनी टीम ने यह साफ किया है कि उन्होंने फिल्म के लिए अपने नाम, व्यक्तित्व, शक्ल या उनसे जुड़ी किसी भी घटना के इस्तेमाल की न तो इजाजत दी है और न ही सहमति दी है। वहीं, फिल्म निर्माता अमित जानी ने इस लीगल नोटिस को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया है और इस बात से इन्कार किया है कि 'काला हिरण: द बैटल फॉर लीगेसी' सलमान खान पर बनी कोई बायोपिक फिल्म है। श्री जानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह फिल्म किसी अभिनेता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक कहानी है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध घटनाओं और वन्यजीव संरक्षण के प्रति बिश्नोई समुदाय की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि नोटिस मिलने के बाद वे इस प्रोजेक्ट में कोई बदलाव करेंगे या नहीं।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम

■ **राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत**

पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर एक जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है।

# सुवेंदु सरकार के खिलाफ ममता का धरना

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया।

टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। सीएम ममता ने कहा कि भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों




■ **टीएमसी प्रमुख बोलीं: भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली, कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस**

पर मतगणना में धांधली की। पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।

# नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है।

उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल नेपाली पीएम बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है, क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

■ **दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका**
■ **कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी: जायसवाल**

### विदेशियों के लिए भारत में रहने के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में रहने के नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी करके रजिस्ट्रेशन और अपील से जुड़े नियमों में बदलाव की जानकारी दी। नए नियमों के मुताबिक विदेशी नागरिक अब भारत में उसके रहने के 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन अपील का ऑप्शन भी कर सकेंगे।

# मैं सुष्मिता के खर्च पर पलने वाला बॉयफ्रेंड था: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** 2022 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन और आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी के अफेयर की खबरें आईं, तो दुनिया ने सुष्मिता को न जाने कितने गंदे ताने दिए थे, लेकिन मंगलवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है जिसने हर किसी को चौंका दिया है।

खुद ललित मोदी ने इस राज पर से ऐसा पर्दा उठाया है कि ट्रोलर्स के मुंह पर ताला लग गया है। ललित मोदी ने साफ कह दिया है कि भाई साहब, सुष्मिता मेरे पैसों पर नहीं पल रही थीं, बल्कि कहानी तो एकदम उल्टी थी। ललित मोदी ने ये भी खुलासा किया कि वे एक्ट्रेस के खर्चे पर पलने वाले बायफ्रेंड थे। दरअसल ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में हुई बातचीत में ललित मोदी ने



सुष्मिता को अपनी लाइफ के सबसे जरूरी लोगों में से एक बताया और खुलासा किया कि उनके ब्रेकअप में दूरी ने अहम भूमिका निभाई थी। लंदन में रहने वाले इस कारोबारी के अनुसार, दोनों के बीच कोई ड्रामैटिक ब्रेकअप नहीं हुआ था। बल्कि, धीरे-धीरे दोनों की जिंदगी अलग-अलग डायरेक्शन में आगे बढ़ गई थी, सुष्मिता भारत में बस गईं और वह लंदन में रहने लगे थे। अपने रिश्ते को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सुष्मिता मेरे लिए बहुत खास थीं। उन्होंने मुझे कई मायनों में मैच्योर होने में मदद की और वह

■ **आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी ने किया खुलासा**
■ **एक्ट्रेस संग ब्रेकअप की वजह भी बताई**

बेहद खास थीं, उस समय वह मेरी लाइफ का एक अहम हिस्सा थीं और आगे भी होतीं, बस दूरियां हमारे लिए बहुत ज्यादा थीं। उनका करियर भारत में था, और मेरी लाइफ लंदन में। लेकिन हमारा रिश्ता बहुत ही खास था और उनकी प्यारी यादें मेरे दिल में बसी हैं। वह आज भी मेरी बहुत प्यारी दोस्त हैं। मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक वंडरफुल महिला हैं और उन्होंने रेने और अलीशा नाम की दो बेटियों के लिए जो कुछ किया है, वह वाकई सराहनीय है। वह एक बहुत ही खास महिला हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके माता-पिता बहुत खास हैं, और एक सिंगल मदर होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जून के बिजली बिल में 10 प्रतिशत सरचार्ज पर रोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जून महीने के बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। विद्युत नियामक आयोग ने इस मामले में यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कुछ दिन पहले यूपीपीसीएल ने जून के बिजली बिलों में 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज लगाने का ऐलान किया था। हालांकि आयोग का कहना है कि ये सरचार्ज नियमों के अनुरूप नहीं है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 3 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और जून के बिलों में अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

### 2027 में भी साथ होगी राहुल और अखिलेश की जोड़ी!

**लखनऊ।** यूपी में 2027 विधानसभा चुनावों के लिए सपा और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन पर मंथन जारी है। माना जा रहा है कि सपा कांग्रेस को 70-75 सीटें दे सकती है। इसके लिए एक सर्वे कराया जा रहा है, जिसकी निगरानी अखिलेश यादव खुद कर रहे हैं। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों में आंतरिक मतभेद भी सामने आ रहे हैं। डील फाइनल करने से पहले सपा ने अपनी पार्टी में रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक आलोक रंजन ने अपनी सर्वे रिपोर्ट सपा सुप्रीमो को सौंप भी दी है। इसमें उन्होंने गठबंधन के तहत कांग्रेस को 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है। सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए जो फार्मूला तय किया है, उसके लिए सबसे पहले संभावित उम्मीदवारों की जमीनी पकड़ मजबूत होने की बात कही गई है।

# यूपी में पांच दिन फिर बारिश का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बारिश में भीग गए नौतपा, फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, गरज चमक के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी, तापमान में होगी गिरावट

लखनऊ। पिछले दिनों सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में आंधी पानी और ओले गिरने का सिलसिला कम होगा। प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज और आने वाले 5-6 दिनों तक कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश और तेज रफ्तार हवा चल सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम ड्राई रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी दो-तीन दिन बाद कुछ स्थान पर गरज चमक के साथ बारिश और आंधी चलने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आंधी और बारिश की तीव्रता में आने वाले दिनों में कमी आएगी, जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। बीच-बीच में बादलों की आवाजाही और कुछ इलाकों में हल्की बारिश के कारण 6-7 दिनों तक हीट वेव कंडीशन से प्रदेशवासियों को राहत मिली रहेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश संभल जिले में 34.7 मिली मीटर रिकॉर्ड की गई, इसके अलावा मुरादाबाद में 19.2 मिलीमीटर, बुलंदशहर 10.8 मिलीमीटर, इटावा 8. 8 मिलीमीटर, अमरोहा 7.8 मिमी, लखनऊ 7.4 मिमी, कन्नौज 7.4 मिलीमीटर, हरदोई 10.01 मिमी, बलिया 9.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बादलों की आवाजाही रहेगी, कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सोमवार को उत्तर प्रदेश का फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिाक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई जिले में 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस कम है।

# खिलाड़ी की हत्या के दोषियों पर हो कार्रवाई

## मायावती-अखिलेश ने सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कबड्डी खिलाड़ी की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है: बसपा



■ उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ठप, रोज हो रही हैं हत्याएं: सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की चर्चित राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल मर्डर केस को लेकर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

बसपा चीफ मायावती ने इस मामले को लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर इसे अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया.।वहीं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ को घेरा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि यह वारदात समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने इस मामले के सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने लिखा, यूपी के जिला मेरठ की सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरोड़ी की लगभग 17 वर्षीय बेटी एंव राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की बदमाशों द्वारा की गई हत्या की खबर अत्यंत दुखद एंव चिंताजनक है। सरकार इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुन. रावृति न हो। वहीं कन्नौज सांसद ने लिखा कि पश्चिमी उप्र में एशियन गेम्स में चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्या चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या, उप्र की कानून व्यवस्था के ठप होने का प्रतीक है। गृह नामक कोई मंत्रालय यूपी में है क्या या अपराधियों के दुस्साहस को देखकर अंडरग्राउंड हो गया है।

# जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा शिष्ट मंडल भेजा जाए

श्रीनगर, वार्ता



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में शांति और नए सिरे से संवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पक्षों से एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क साधने का आह्वान किया है।

सुश्री महबूबा ने एक जून को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाजपा नेता एवं विपक्ष के नेता सुनील शर्मा, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और कई अन्य राजनीतिक और नागरिक समाज के नेताओं को संबोधित अलग-अलग पत्रों में कहा कि जम्मू-कश्मीर खुद को एक बार फिर इतिहास के उस चौराहे पर खड़ा पा रहा है, जहां निराशा और मोहभंग की व्यापक भावना ने राज्य को जकड़ लिया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पर निरंतर संवाद फिर से शुरू करने के लिए मोदी और गृह मंत्री शाह के पास एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजने की वकालत की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं, शिकायतों और चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्त करने के लिए एक सामूहिक एवं समन्वित आवाज की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने कहा कि लेह सर्वोच्च निकाय और कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन द्वारा केंद्र के साथ हाल ही में प्राप्त की गई सफलताएं एक महत्वपूर्ण सबक देती हैं कि केवल संवाद से ही सार्थक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री का ऐलान, फाजिलनगर का नाम पावागढ़ होगा

# यूपी में माफिया-मच्छर दोनों खत्म: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता



■ समाजवादी पार्टी पर बोला जमकर हमला, मच्छर बीमारी लाता है, तो माफिया बेरोजगारी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए पिछली सरकारों की सत्ता को जंगल राज बताया और कहा कि पहले यहां न बिजली थी और न पानी। हमने मच्छर और माफिया दोनों को खत्म किया। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। इस दौरान उन्होंने फाजिलनगर का नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा।

उन्होंने कहा कि पहले यूपी में जंगल पार्टी का आंतक था। कुशीनगर में 9 साल पहले भूख से मौत होती थी। पिछली सरकारों के पाप से गरीब भूख से मर रहा था। आम जनता माफिया से परेशान थी। यूपी के अंदर कोई सुविधा नहीं थी। बाहर पहचान का संकट था। सीएम योगी ने कहा कि फाजिलनगर का नाम बदला जाएगा, इसका का नाम पावागढ़ होगा। हम फाजिल क्यों कहें? सीएम ने कहा कि मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करके आज उत्तर प्रदेश में जब कोई नौकरी निकलती है, तो उसमें हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। उन्होंने कहा कि हर सरकार का अपना एक विजन होता है। 2022 से पहले कोई भी विकास के बारे में नहीं सोचता था। यहां तमकुही राज को महज मजाक का पात्र बनाकर रख दिया गया था। मगर आज मैं यह कह सकता हूं कि तमकुही राज के अंतर्गत स्थानीय विधायक पूरी लगन से काम करते हैं, विभिन्न योजनाएं लेकर आते हैं और सांसद भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विधायक और सांसद मिलकर काम करते हैं, ताकि आपकी मांगों को जमीनी हकीकत में बदला जा सके। इसके अलावा हमने अब फाजिलनगर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। अब इसे फाजिलनगर के नाम से नहीं जाना जाएगा, बल्कि हम इसे भगवान महावीर को श्रद्धांजलि के रूप में 'पावागढ़' के तौर पर एक नई पहचान देने जा रहे हैं।

### हर जरूरतमंद को मिले कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पघई, विवाह से लेकर निराश्रित, बुजुर्ग के पेंशन तक समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74649.84
निफ्टी 23483.55



सोना 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 266000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी उतार चढ़ाव के बाद मुखय सूचकांक बढ़त में रहे

मुंबई, वार्ता



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन से प्रमुख सूचकांक में तेजी दर्ज की गयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 382.50 अंक (0.52 प्रतिशत) चढ़ कर 74,649.84 पर और एनएसई निफ्टी-50 100.95 अंक (0.43 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 23,483.55 पर रहा।

बीएसई का 30 सेंसेक्स सुबह बड़ी गिरावट के साथ 73,945.20 पर खुला और कारोबार के दौरान ऊपर में 74,862.19 तथा नीचे में 73,815.12 तक गिरने के बाद अंत में 74,649.84 पर बंद हुआ। जबकि कल सेंसेक्स 74,267.34 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर लाभ में और दस गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में आईटी कंपनी टीसीएस 6.53 प्रतिशत, इन्फोसिस 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक 4.08 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट का शेयर 1.75 प्रतिशत लाभ में रहा। टाइटन, ट्रेन्ट, आईटीसी, इटरनल और एशियन पेंट्स में भी एक प्रतिशत से अधिक तक की बढ़त दर्ज की गई। एसबीआई, इंडिगो, बीईएल और टाटा स्टील भी मुनाफे में बंद हुए। इसके विपरीत एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस जैसे शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी । पहले सत्र की गिरावट के बाद बाजार ने सत्र के दूसरे भाग में तेजी से वापसी की। विश्लेषकों के अनुसार यह वापसी मुख्य रूप से शॉर्ट कवरिंग और आईटी शेयरों में मजबूत खरीदारी की दिलचस्पी के कारण हुई। बजाज ब्रोकिंग के अनुसार हालांकि दुनिया के विभिन्न इलाकों में भू.राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का रुख अभी भी सतर्क बना हुआ है।

# चांदी और सोना की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# नैनीताल की झीलों-तालाबों पर अवैध कब्जों की अब खैर नहीं

अफजल हुसैन फौजी




**नैनीताल।** उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल और आसपास की झीलों, तालाबों और प्राकृतिक जल स्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए अब बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की प्रधान पीठ नई दिल्ली के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने नैनीताल क्लब में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों की गहन समीक्षा की। बैठक में कचरा प्रबंधन, सीवेज निस्तारण, जल प्रदूषण, झीलों और नदियों के संरक्षण, अवैध खनन नियंत्रण तथा पौधारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. अफरोज अहमद ने स्पष्ट किया कि जिले में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही कचरा प्रबंधन की दिशा में कार्य अपेक्षाकृत देर से शुरू हुआ हो, लेकिन अब इसमें तेजी लाई जा रही है। आने वाले समय में नैनीताल जिले को हजीरो वेस्ट मैनेजमेंटह्न मॉडल की ओर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पर्यावरणीय चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि झीलों और नदियों की सुरक्षा केवल जल संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। इसके लिए प्राकृतिक ड्रेनों, जल निकासी मार्गों और जल स्रोतों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त





भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमीरपुर सेतु दुर्घटना के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम


■ जांच के लिए उच्चस्तरीय समितियां गठित

**हमीरपुर।** हमीरपुर सेतु दुर्घटना की जांच के लिए दो उच्चस्तरीय समितियां गठित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान पी-5 से पी-6 गिरने की घटना को लेकर के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा दो अलग-अलग उच्चस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। दोनों समितियों ने घटना की व्यापक जांच शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति घटना से संबंधित सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की गहन जांच कर रही है। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त दुर्घटना के संबंध में थाना कुरारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) एवं धारा 125(ए) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है, जांच के दौरान मिले तथ्यों, साक्ष्यों और दोनों जांच समितियों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली आख्या के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई तय की जाएगी। घटना के लिए उत्तरदायी पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। दो पात्र परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। दिवंगत राजेश पाल की पत्नी अनीता एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना दी गई है, वहीं दिवंगत पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने बताया कि दिवंगत राजेश पाल की दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा, जिसके तहत दोनों बालिकाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के डुमरिया में तैनात एसबीआई के एक शाखा प्रबंधक को रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने मंगलवार को यहां बताया कि 31 मई को इस आरोप में मामला दर्ज किया गया कि आरोपी रोहित कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता की दिवंगत मां से संबंधित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये के दावे का निपटान करने के लिए 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने कथित रूप से शिकायतकर्ता की मां के बैंक खाते को शिकायतकर्ता के नाम पर स्थानांतरित करने के बाद 35,000 रुपये की निकासी पर लगी रोक को हटाने के लिए अतिरिक्त 17,000 रुपये की भी मांग की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को शिकायतकर्ता से 77,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरा. ेपी के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक को आज धनबाद की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया संकट और तेल कीमतों पर मोदी की खामोशी अनुचित: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ अमेरिका-ईरान वार्ता का प्रभाव भारत पर पड़ रहा

कांग्रेस ने पश्चिम एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका वार्ता का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसमें भारत का बहुत कुछ दाव पर लगा हुआ है और ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को उचित नहीं कहा जा सकता है।

पार्टी का कहना है कि यदि वार्ता सफल होती है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल सकता है और वैश्विक तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति को समाप्त करने के लिए बात. चीत चल रही है, लेकिन इस बीच इजरायल की लेबनान में जारी सैन्य कार्रवाई के कारण किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों पर नाराजगी जता चुके हैं और दुनिया के कई अन्य देश भी लेबनान में इजरायली अभियान की आलोचना कर रहे हैं।

रमेश ने कहा कि ऐसे समय में जब इजरायल की कार्रवाई संभावित अमेरिका-ईरान समझौते को प्रभावित कर सकती है मोदी ने इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है, जबकि इस पूरे घटनाक्रम का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों पर पड़ सकता है।

### ओडिशा बॉक्साइट खनन अनियमितताओं की जांच करे केंद्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा में बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप कर प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी ने खनन परियोजनाओं से जुड़े वन अधिकार कानून, 2006 के कथित उल्लंघन, वन भूमि के उपयोग तथा ग्राम सभा की स्वीकृतियों में कथित अनियमितताओं के आरोपों को गंभीर बताते हुए उनकी व्यापक और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के कोरापुट जिले में बॉक्साइट खनन के लिए दी गई स्वीकृतियों को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम



■ चारधाम यात्रा प्रबंधन का मूल मंत्र 'सुरक्षित यात्रा, सुगम दर्शन और सतत संवाद' होना चाहिए ■ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, मानसून अवधि के लिए सभी विभाग रहें पूरी तरह सतर्क ■ रात्रि 10 बजे से सुबह ४ बजे तक यात्रा मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर रोक का सख्ती से पालन हो ■ धामों में क्षमता के अनुरूप दर्शन व्यवस्था के लिए बनाई जाए एसओपी, भीड़ प्रबंधन हो वैज्ञानिक एवं चरणबद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा प्रबंधन का मूल मंत्र 'सुरक्षित यात्रा, सुगम दर्शन और सतत संवाद' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय, प्रभावी संवाद और सुव्यवस्थित प्रबंधन से यात्रा को और अधिक सुरक्षित एवं सफल बनाया जा सकता है।

मंगलवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चारों धामों में श्रद्धालुओं की संख्या के अनुरूप दर्शन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक चारधाम यात्रा मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा मार्गों पर ट्रकों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहनों को केवल रात्रिकाल में ही अनुमति दी जाए तथा दिन के समय ऐसे वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी धाम अथवा पड़ाव पर निर्धारित क्षमता से अधिक भीड़ होने की स्थिति में नीचे स्थित होल्डिंग एरिया एवं प्रमुख चेक प्वाइंट्स पर वाहनों और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाए। भीड़ प्रबंधन के लिए चरणबद्ध व्यवस्था अपनाते हुए यात्रियों को आगे भेजा जाए, जिससे धामों में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर श्रद्धालुओं को रोका या ठहराया जा रहा है, वहां पार्किंग, भोजन, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़ नियंत्रण के दौरान श्रद्धालुओं को केवल रोका न जाए, बल्कि उन्हें इसके कारण, संभावित प्रतीक्षा अवधि तथा आगे की व्यवस्थाओं की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पुलिस, प्रशासन एवं यात्रा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशील, विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को किसी भी परिस्थिति में सूचना के अभाव का सामना नहीं करना चाहिए। इसके लिए सार्वजनिक सूचना प्रणाली , एलईडी डिस्प्ले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप चौनल एवं एफएम रेडियो के माध्यम से लगातार अद्यतन सूचनाएं प्रसारित की जाएं। मार्ग अवरोध, मौसम में बदलाव, यातायात जाम अथवा दर्शन में विलंब जैसी परिस्थितियों की जानकारी भी समय रहते यात्रियों तक पहुंचाई जाए, जिससे भ्रम एवं असंतोष की स्थिति उत्पन्न न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा का प्रथम चरण प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से सफलतापूर्वक संचालित हुआ है। अब यात्रा दूसरे और अधिक चुनौतीपूर्ण चरण में प्रवेश कर रही है, जहां मानसून एवं प्रतिकूल मौसम प्रमुख चुनौती होंगे। ऐसे में यात्रा प्रबंधन को और अधिक सतर्कता, नियंत्रण तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ संचालित किया जाए।मुख्यमंत्री ने गढ़वाल आयुक्त एवं आईजी गढ़वाल को चारधाम यात्रा की सभी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने को कहा।बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, भरत चौधरी, विधायक अनिल नौटियाल, आशा नौटियाल, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय कुमार रोहिला, उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, रणवीर सिंह चौहान, विनोद कुमार सुमन, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी तथा वर्चुअल माध्यम से विधायक सुरेश चौहान, बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, आयुक्त गढ़वाल आनंद स्वरूप एवं संबंधित जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

# देवप्रयाग में गहरी खाई में गिरा वाहन, तीन के शव बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना देवप्रयाग क्षेत्रांतर्गत चकासा स्थित गंगा होटल दर्शन के समीप एक इनोवा वाहन के लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरने की सूचना प्राप्त होने पर थाना देवप्रयाग पुलिस, राजस्व विभाग एवं एसडीआरएफ की टीमों द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ की श्रीनगर, ब्यासी एवं ढालवाला इकाइयों से अतिरिक्त रेस्क्यू टीमें भी मौके पर भेजी गई। संयुक्त रेस्क्यू अभियान के दौरान अब तक 02 पुरुष एवं 01 महिला का शव बरामद किया गया है, जबकि लगभग 15 वर्षीय 01 बालक को सुरक्षित रेस्क्यू कर उपचार हेतु बेस हॉस्पिटल श्रीकोट भेजा गया है। पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीमें अत्यंत दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अन्य यात्रियों की तलाश हेतु युद्धस्तर पर खोज एवं बचाव अभियान चला रही हैं।

घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य निरंतर जारी है। घायल आयुष्मान परिहार (12) पुत्र हरीश कुमार परिहार निवासी जैसलमेर राजस्थान का श्रीनगर बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है। वो अभी आईसीयू में है। देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा।

## सीएम ने देवप्रयाग दुर्घटना पर जताया गहरा शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर देवप्रयाग के समीप हुई दुखद वाहन दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में दिवंगत हुए श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल राष्ट्रीय आपदा प्रतिवादन बल तथा अन्य संबंधित एजेंसियों को तत्काल राहत एवं बचाव कार्यों में लगाया गया। दुर्घटनास्थल पर युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है तथा राहत एवं बचाव कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है।

# 6 आईएएस और पीसीएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल

**स्मृता परमार को अपर जिलाधिकारी की जिम्मेदारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन ने छह आईएएस और पीसीएस अफसरों के प्रभार बदले हैं। इसके अलावा स्मृता परमार को अपर जिलाधिकारी की जिम्मेदारी भी दी गई है। शासन ने देर शाम इसके आदेश जारी किए ।

सचिव प्रोटोकॉल आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को परियोजना निदशक यूडीआरपी एएफ की जिम्मेदारी दी गई है। सौरभ गहरवार अपर सचिव उद्योग, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास परियोजना से अपर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास परियोजना निदेशक यूडीआरपी एएफ वापस लिया गया है जबकि उन्हें अपर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का दायित्व दिया है। 2016 बैच की आईएएस अधिकारी अपर सचिव ग्राम्य विकास झरना कामठान को अपर सचिव पेयजल एवं निदेशक स्वजल की भी जिम्मेदारी दी गई है।प्रकाश चंद्र अपर सचिव समाज कल्याण, प्रबंध निदशक बहुउद्देशीय वित्तीय विकास निगम और आयुक्त दिव्यांगजन उतराखंड से बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम का दायित्व वापस लिया गया है।पीसीएस अधिकारी सुंदरलाल सेमवाल अपर सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग को अपर सचिव समाज कल्याण निदेशक बहुउद्देशीय वित्तीय विकास निगम का दायित्व दिया गया है। सचिवालय सेवा के अधिकारी विक्रम सिंह यादव बाध्य प्रतिक्षारत को अपर सचिव समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण और सचिवालय प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# पीसीएस-2024 में प्रयाग आईएएस एकेडमी का परचम







■ 65 से अधिक अभ्यर्थियों ने हासिल की सफलता, संस्थान में दिन भर रहा जश्न का माहौल ■ डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, एआरटीओ समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर हुआ चयन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की और से आयोजित संयुक्त राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम घोषित किए जाने के बाद सफल अभ्यर्थियों और उनके संस्थानों में उत्साह का माहौल है।देहरादून स्थित प्रयाग आईएएस एकेडमी ने भी परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करने का दावा किया है।

संस्थान के अनुसार उसके मार्गदर्शन से जुड़े 65 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा के विभिन्न चरणों में सफलता प्राप्त की है।

संस्थान की ओर से जारी जानकारी के अनुसार सफल अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा,मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरणों में प्रयाग आईएएस एकेडमी के शैक्षणिक मार्गदर्शन और अध्ययन कार्यक्रमों का लाभ लिया।

## इन अभ्यर्थियों को मिली कामयाबी

प्रयाग आईएएस एकेडमी के चेयरमैन आर. ए. खान ने बताया कि संस्थान से जुड़े आशुतोष नौटियाल, अमित चंद्र द्विवेदी, मिराज मियां और काजल सैनी ने डिप्टी कलेक्टर पद पर सफलता प्राप्त की है। वहीं प्रकृति नेगी का चयन डिप्टी एसपी पद के लिए हुआ है। विनय कुमार आर्य और विशाल सैनी का चयन एआरटीओ पद पर हुआ है। इसके अलावा उपशिक्षा अधिकारी पद पर शबनम, तनु सैनी, निधि, विक्रांत सिंह, गौरव मेठाणी, नैन्सी कनर्वाल, आयुष बधानी, रचना सिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष राणा, हरिओम सिंह, दिव्या जोशी, दीपक लखेड़ा और आलोक भट्ट , वहीं वित्त अधिकारी पद के लिए अपूर्व थपलियाल, अंबरीश प्रसाद नौटियाल और ऋतु बिष्ट का चयन हुआ है। सहायक आयुक्त पद पर कंचन रावत, योगेश बधवाल और नीतिन कुमार ने सफलता हासिल की है। राज्य कर अधिकारी पद के लिए शशांक राणा, आदेश चौधरी, कोमल भारती, नीतिन सिंह, क्षेत्रा बिष्ट, शुभम साह, अंजली नेगी, अक्षिता गर्ग और विपाशा गहलोत का चयन हुआ है।

## कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही दिशा से मिली सफलता: खान

परिणाम घोषित होने के बाद संस्थान परिसर में सफल अभ्यर्थियों का अपने शिक्षकों और मार्गदर्शकों से मिलने तथा उनका आशीर्वाद लेने का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर चेयरमैन आर. ए. खान ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही दिशा में किया गया प्रयास किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी है। उन्होंने वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भी निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। वहीं चयनित छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रयाग आईएएस एकेडमी की और से उपलब्ध कराए गए मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और अनुभवी शिक्षकों के सहयोग को अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।




PRAYAG
IAS ACADEMY
Mr. R.A. Khan
Chairman
Prayag IAS Academy
Uttarakhand's Leading Institute for
IAS/PCS/PCS (J)
Director: R.A. Khan
Foundation Batch for IAS/PCS




देहरादून। उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग (UKPSC) द्वारा उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम घोषित होते ही प्रदेश भर के अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रयाग आईएएस एकेडमी ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और मार्गदर्शन का परिचय देते हुए शानदार सफलता हासिल की है।

संस्थान से संबंधित कुछ सफल अभ्यर्थियों में डिप्टी क्लेक्टर पद पर आशुतोष नौटियाल, अमित चंद्र द्विवेदी, फराज मियां, काजल सैनी, डिप्टी एसपी पद पर प्रकृति नेगी, एआरटीओ पद पर विनय कुमार आर्य, विशाल सैनी, उपशिक्षा अधिकारी पद पर शबनम, निशु सैनी, निधि, बिक्रांत सिंह, गौरव मैथानी, नैंसी कर्नवाल, आयुष बधानी, रचना सिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष राणा, हरिओम सिंह, दिव्या जोशी, दीपक लखेरा, आलोक भट्ट, वित्त अधिकारी पद पर अपूर्वा थपलियाल, अंबरीश प्रसाद नौटियाल, ऋतु बिष्ट, सहायक आयुक्त पद पर कंचन रावत, योगेश बर्थवाल, नीतिन कुमार, राज्य कर अधिकारी पद पर शशांक राणा, आदेशा चौधरी, कोमल भारती, नीतिन सिंह, श्वेता बिष्ट, शुभम साह, अंजली नेगी, अक्षिता गर्ग, विपाशा गहलोत चयनित हुए हैं।

संस्थान के 65 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एकेडमी का नाम रोशन किया है। सफल अभ्यर्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय संस्थान के अनुभवी शिक्षकों, व्यवस्थित अध्ययन सामग्री तथा नियमित टेस्ट सीरीज को दिया है। संस्थान के निदेशक आर. ए. खान ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रयाग आईएएस एकेडमी का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि योग्य एवं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी तैयार करना है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि सफल अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा अथवा साक्षात्कार किसी न किसी स्तर पर संस्थान से जुड़े थे।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि संस्थान लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है।

परिणाम घोषित होने के बाद एकेडमी परिसर में उत्साह का माहौल रहा। सफल अभ्यर्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। संस्थान ने भविष्य में भी प्रदेश और देश को उत्कृष्ट प्रशासनिक अधिकारी देने के अपने संकल्प को दोहराया।

गौरतलब है कि प्रयाग आईएएस एकेडमी पिछले कई वर्षों से सिविल सेवा एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रमुख संस्थानों में अपनी पहचान बनाए हुए है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की सफलता ने संस्थान की उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

ADVT.

Opp. DBS College, 40 Maansingh Wala D.Dun. 0135-2744550,+91-8279690799

## सुरक्षित यात्रा, सुगम दर्शन और सतत् संवाद

# मुख्यमंत्री के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही चारधाम यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संकल्प सुरक्षित यात्रा, सुगम दर्शन और सतत् संवाद एवं जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में चारधाम यात्रा का संचालन सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग से लेकर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम तक यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता के लिए किए गए व्यापक प्रबंधों की तीर्थयात्रियों द्वारा भी सराहना की जा रही है।

यात्रा के पहले 40 दिनों की तुलना में इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में पहले 40 दिनों में कुल 8,18,546 श्रद्धालुओं ने गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के दर्शन किए थे, जबकि इस वर्ष 2026 में इसी अवधि में यह संख्या बढ़कर 8,57,010 हो गई है। इस प्रकार 38,464 अधिक श्रद्धालुओं ने धामों के दर्शन किए हैं। वर्ष 2025 में यमुनोत्री धाम में 4,09,482 तथा गंगोत्री धाम में 4,09,064 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं वर्ष 2026 में यमुनोत्री धाम में 4,24,115 तथा गंगोत्री धाम में 4,32,895 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जो दोनों धामों में देशख्रविदेश से आने वाले श्रद्धालुओ की बढ़ती आस्था एवं प्रशासन द्वारा बेहतर यात्रा व्यवस्था को दर्शाता है।वहीं यात्रा के 44वें दिन तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में गंगोत्री एवं यमुनोत्री धामों में कुल 9,52,841 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इनमें यमुनोत्री धाम में 4,67,641 तथा गंगोत्री धाम में 4,85,200 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इसके मुकाबले वर्ष 2025 में इसी अवधि तक कुल 9,01,904 श्रद्धालुओं ने दोनों धामों में दर्शन किए थे, जिनमें यमुनोत्री धाम में 4,49,495 तथा गंगोत्री धाम में 4,52,409 श्रद्धालु शामिल थे।



उत्तरकाशी में आस्था का नया रिकार्ड, 44 दिनों में 9.52 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

इस प्रकार वर्ष 2026 में गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 50,937 अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र धामों में दर्शन किए हैं। श्रद्धालुओं की यह निरंतर बढ़ती संख्या भक्तों की गहरी आस्था, विश्वास एवं उत्साह को दर्शा रही है।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा यात्रा मार्गों पर यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, कतारबद्ध दर्शन व्यवस्था तथा सूचना सहायता केंद्रों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। यात्रा मार्ग से लेकर दोनों धामों तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू एवं दुरुस्त रखी गई हैं यात्रा के सरल एवं सुगम संचालन हेतु दोनों धामों में नोडल अधिकारियों के साथ सुपर नोडल अधिकारियों की भी तैनाती की गई है।तथा जनपद मुख्यालय स्थित स्मार्ट कंट्रोल रूम से भी लगातार निगरानी एवं समीक्षा की जा रही है। जिला प्रशासन चारधाम यात्रा के सुरक्षित, सुगम एवं सफल संचालन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# स्टोन क्रेशर के खिलाफ दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

**कार्रवाई न होने पर न्यायालय जाएंगे ग्रामीण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली:** चमोली- कर्णप्रयाग-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग पर थराली विकासखंड के सुनला क्षेत्र के समीप स्थापित अभ्युदय स्टोन क्रेशर को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्टोन क्रेशर द्वारा क्षमता से अधिक भंडारण किया गया है, जिसमें आधा भंडारण नाप भूमि और आधा सरक. ारी भूमि पर किया गया है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि तय समय के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय का रुख किया जाएगा।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अभ्युदय स्टोन क्रेशर द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए अत्यधिक मात्र में सामग्री का



भंडारण किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्रेशर संचालन के दौरान आईबीएम पिसाई में नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जाता, जिससे क्षेत्र में धूल प्रदूषणफैल रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब कभी पानी का छिड़काव किया जाता है तो उसका दूषित पानी सीधे पवित्र पिंडर नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे पर्यावरण और एनजीटी के मानकों का उल्लंघन हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

कुलसारी मल्लाबगड़ तोक में किया गया भंडारण क्षमता से अधिक है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग से सटा हुआ है और आधा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रखा गया है। यदि 15 दिन के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो हम न्यायालय का दरवा. जा खटखटाएंगे।

ग्रामीण खिलफ सिंह, नैन सिंह खत्री समेत अन्य लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों के अनुरूप कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की शिकायत पर क्या कदम उठाता है।

## राकेश राणा बने कार्यकारी अध्यक्ष

**नई टिहरीं।** राज्य आंदोलनकारी मंच की जनपद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें राकेश राणा कार्यकारी अध्यक्ष एवं किशन रावत महासचिव बनाए गए।

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच, टिहरी गढ़वाल की एक महत्वपूर्ण बैठक राजेंद्र सिंह असवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए। विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से नियुक्तियां की गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जून माह के द्वितीय सप्ताह में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 17 मई 2025 को आयोजित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी गढ़वाल के सम्मेलन में डॉ. राकेश भूषण गोदियाल को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुना गया था।

# महाविद्यालयों सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर कुलपति ने परखीं व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सम सेमेस्टर (एन.ई.पी.) एवं वार्षिक परीक्षाओं के क्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एन.के. जोशी द्वारा जनपद उत्तरकाशी स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तरकाशी सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं, अनुशासन, गोपनीयता एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन जायजा लिया।

कुलपति ने पर्वतीय क्षेत्र के इस



महत्वपूर्ण महाविद्यालय में पहुंचकर परीक्षा कक्षों, प्रश्नपत्रों की गोप. नीयता, उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने अन्य परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. जोशी ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधाजनक परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल परीक्षाओं के संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को सकारात्मक, सुरक्षित एवं तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना विश्व. विद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा प्रणाली को अधिक सुदृढ़, उत्तरदायी एवं छात्र-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विवि द्वारा परीक्षा गतिविधियों की नियमित निगरानी की जा रही है।

## एक नजर .......

### सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ समापन

***कोटद्वार।*** राइका कोटद्वार में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आज समापन हो गया। समापन सत्र में कैंप की विभिक गतिविधियों में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्रओं को पुरस्ख्रत किया गया।

राइका कोटद्वार में गत 27 मई से भाषाई कौशल का विकास, संस्ख्रत जागरूकता बघना, व्यावहारिक संवाद क्षमता विकसित करना, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास बघना, स्थानीय ज्ञान व विरासत से नई पीघी को जोघ्ना, सामाजिक सीख व नई शिक्षा नीति आदि उद्देश्यों पर केंद्रित समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में गुजराती, पंजाबी भाषा के साथ-साथ गुरमुखी , ब्रेल व देवनागरी लिपि की जानकारी छात्रें को दी गई तथा स्टोन पेंटिंग, पैटर्न , कठपुतली व नुक्कघ नाटक जैसी विधाओं से उन्हें परिचित कराया गया । इस दौरान संदर्भदाता के रूप में सुरभि सचदेवा, अंजना, संतोषी, आराधना कुकरेती, पूजा बिष्ट, पूरण चंद्र धूलिया, संतोष नेगी, डक्कपदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान , श्रुति नेगी अजीम प्रेमजीाउंडेशन आदि ने बच्चों को अनेक जानकारियां प्रदान करते हुए उन्हें विभिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित समर कैंप के समापन सत्र में सभी गतिविधियों के अव्वल छात्र, छात्रओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विचार व्यद्र करते हुए प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि समर कैंप में छात्र-छात्रओं ने कई जीवनोपयोगी कौशल सीखे। जिससे उनकी क्षमताओं का विकास हुआ है । उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में स्वावलंबन एवं आत्मविश्वास को बघने में समर कैंप उपयोगी सि) होते हैं। इस अवसर पर संतोष नेगी, मनमोहन सिंह चौहान, डक्कपदमेश बुडाकोटी, डबल सिंह रावत, जयख्रत सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

### डोबरा-चांठी सड़क मार्ग के लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले डोबरा-चांठी सड़क मार्ग के डोबरा पुल से मोटणा तक के हिस्से की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों और खराब हालत से लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को प्रतापनगर प्रमुख मनीषा पंवार के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपकर मार्ग के शीघ्र डामरीकरण व मरम्मत की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आम जनता, कर्मचारियों, व्यापारियों और मरीजों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करते हुए सड़क को यातायात योग्य बनाने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में क्षेपं सदस्य नरेश नेगी, मुलायम सिंह रावत, लोकेंद्र सेमवाल, प्रवीण व्यास, राजेश पोखरियाल, अजय आर्य, प्रवीन लाल, सुनील थालवाल, दिनेश लाल आदि मौजूद रहे।?

### औषधि विभाग ने किया औषधि प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**नई टिहरी।** जनपद में दवाओं के सुरक्षित व नियमानुसार वितरण को सुनिश्चित करने के लिए औषधि विभाग ने विभिन्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर एक फर्म का लाइसेंस निलंबित कर निरस्तीकरण की संस्तुति की गई, जबकि दो अन्य फर्मों के दवा क्रय-विक्रय कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। औषधि निरीक्षक सीपी नेगी व ऋषभ धामा ने नंदगांव, पिपलडाली और राजाखेत क्षेत्र स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में लाइसेंस की शर्तों और औषधि व प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की जांच की गई। अधिकारियों ने दवाओं के क्रय-विक्रय अभिलेख, भंडारण व्यवस्था, सीसीटीवी प्रणाली और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में निर्धारित मानकों व नियमों का उल्लंघन पाया गया। संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि जनहित और मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए औषधि प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

# उत्तरकाशी की धरती उगलेगी कांच उद्योगों का खजाना, सिलिका सैंड के 8 खनन क्षेत्र चिह्नित

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** यमुना घाटी की धरती में छिपा सफेद सोना', कांच कांच उद्योग में उपयोग होने वाला सिलिका सैंड (सिलिका रेत) की पहली बार खनन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग ने जनपद में आठ स्थानों पर करीब 200 हेक्टेयर क्षेत्र को खनन के लिए चिह्नित किया गया है, जिनमें से पांच लॉट के टेंडर भी जारी हो गये हैं। इससे सरकार को 20 करोड़ वार्षिक राजस्व का अनुमान है।

फिलहाल भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने जनपद के पुरोला और मोरी विकासखंड क्षेत्रों में सिलिका सैंड के भंडार चिह्नित कर खनन के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विभाग के अनुसार जिले में आठ स्थानों पर लगभग 200 हेक्टेयर क्षेत्र को खनन के लिए चिह्नित किया गया है, जिनमें से पांच लॉट के टेंडर भी जारी हो गये हैं।

**पुरोला-मोरी में पहली बार सिलिका सैंड खनन की शुरुआत, रोजगार और राजस्व के खुलेंगे नए द्वार**

गौरतलब है कि अब तक विभाग गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की नदियों में खनन कार्य तथा बागेश्वर जिले में खड़िया खनन के माध्यम से राजस्व अर्जित करता था। इस समय पहली बार उत्तरकाशी जिले के पुरोला और मोरी में सिलि. का सैंड के व्यावसायिक दोहन की दिशा में ठोस पहल की गई है।

जिला भूतत्व एवं खनिकर्म अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुरोला और मोरी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सिलिका सैंड प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। सिलिका सैंड का उपयोग मुख्य रूप से ग्लास, सिरेमिक और पेंट उद्योगों में किया जाता है। इसकी गुणवत्ता के आधार पर ऑप्टिकल ग्लास, फ्लोट ग्लास, कलर ग्लास, टफन ग्लास और मिरर ग्लास जैसे उत्पाद तैयार किए जाते हैं। बता दें कि वर्ष 2007 से जब प्रदीप कुमार यमुना घाटी में सिलिका सैंड को लेकर लगातार अध्ययन, सैंपलिंग और परीक्षण कर रहे थे । विभाग ने इस में रूची दिखाई इसी का परिणाम है कि पुरोला मोरी में केवल राजस्व भूमि पर आठ लॉट चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से प्रथम चरण में पांच लॉटों के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। विभाग का मानना है कि यदि वन भूमि में भी अनुमति मिल जाय सिलिका सैंड खनन परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, वहीं सरकार को भी बड़े पैमाने पर राजस्व प्राप्त होगा। इससे यमुना घाटी के आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## श्रीनगर डैम साइड के पास स्कूटी-कार की भिड़ंत, युवती गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रीनगर डैम साइड के समीप मंगलवार सुबह स्कूटी और कार की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज बेस अस्पताल श्रीकोट में चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9:30 बजे डैम साइड के पास स्कूटी और अर्टिगा कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में रुद्रप्रयाग जिले के चोपता क्षेत्र निवासी गंभीर रूपे से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल बेस अस्पताल श्रीकोट पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार युवती की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि दोनों घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने घटना की सूचना घायलों के परिजनों को भी दे दी है। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारु कराया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि घटना में घायल नितिशा (19) पुत्री स्व. शेर सिंह, निवासी क्यूडी चोपता और सागर (24) पुत्र कौलू चोपता गंभीर रूप से घायल है। बताया कि दोनों का उपचार बेस चिकित्सालय में चल रहा है। तेज रफ्तार के चलते हादसा होने का कारण है। बताया कि पूरी घटना की जांच की जा रही है।

## श्रीनगर व्यापार सभा चुनाव: अध्यक्ष पद पर तीन ने किया नामाकंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** श्रीनगर व्यापार सभा के आगामी चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया सम्पंन हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के अतिंम दिन अध्यक्ष पद के लिए एक, महामंत्री पद के लिए 2 और कोषाध्यक्ष पद के लिए 1 दावेदार ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। मंगलवार को निवर्तमान व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल ने नामांकन पत्र जमा किया। जबकि पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राजीव वर्मा और अनुज जोशी ने अपना-अपना नामांकन पत्र जमा किया। उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर तीन दावेदारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। महामंत्री पद के लिए छवि अग्रवा और सुमन जोशी एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज नेगी ने नामाकंन पर जमा किया है।

**तीन पदों पर होगा व्यापार सभा चुनाव, नामाकंन पत्रों की जांच आज**

# राहुल गांधी की पौड़ी रैली को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 4 जून को पौड़ी गढ़वाल में प्रस्तावित पूर्व सैनिक महारैली को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को श्रीनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक की अध्यक्षता चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हुई है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। बैठक में 4 जून को पौड़ी में आयोजित होने वाली महारैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गईं। नेताओं ने दावा किया कि राहुल गांधी की रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, युवाओं और आम जनता की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, संजय भाई फौजी, कृष्णानंद मैठाणी, वीरेंद्र सिंह नेगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू भट्ट, मीना नेगी, सुधांशु नौडियाल, शिवलाल, कैप्टन सत्येंद्र सिंह भंडारी, सुरेंद्र चौहान, लाल सिंह नेगी, सतीश पटवाल, मोहम्मद जामीन, भारतमणि नैथानी, कुलदीप सिंह नेगी, सोहन लाल, मीरा देवी, हरि सिंह मियां, पूर्ण सिंह धनाई, मोहम्मद साहब, संदीप सिंह नेगी, देवी प्रसाद गोदियाल, दलवीर सिंह धनाई, विजय सिंह चौहान सहित आदि मौजूद थे।

**विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं**

# कैरी मी बैक पॉलिसी से प्लास्टिक मुक्त बनेगा बाबा केदार का धाम

**शाह टाम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को नई दिशा देने के लिए जिला प्रशासन ने एक अभिनव और दूरदर्शी पहल की शुरुआत की है। हिमालय की गोद में बसे इस पवित्र तीर्थस्थल को प्लास्टिक एवं सूखे कूड़े से मुक्त रखने के उद्देश्य से "कैरी मी बैक पॉलिसी" लागू की जा रही है। यह पहल जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा हीलिंग हिमालयास फाउंडेशन एवं सुलभ इंटरनेशनल के सहयोग से संचालित की जाएगी।

चारधाम यात्रा के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के केदारनाथ पहुंचने से प्लास्टिक



श्रद्धालु बनेंगे स्वच्छता अभियान के भागीदार, कंधों पर लाएंगे पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी

बोतलें, पैकेजिंग सामग्री, रैपर और अन्य सूखा कूड़ा बड़ी मात्रा में एकत्र हो जाता है। समुद्र तल से हजारों फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इस कचरे का समय पर निस्तारण एक बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी चुनौती का स्थायी समाधान खोजते हुए प्रशासन ने इस अनूठी नीति को धरातल पर उतारने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत नगर पंचायत केदारनाथ श्रद्धालुओं को लगभग 400 से 500 ग्राम क्षमता वाले विशेष बैग उपलब्ध कराएगी। इन बैगों में सूखा कूड़ा भरकर श्रद्धालु स्वयं उसे अपने साथ गौरीकुंड तक लेकर आएंगे।

इससे धाम क्षेत्र में कूड़े का संचय नहीं होगा और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में बड़ी सहायता मिलेगी। इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि श्रद्धालु केवल दर्शनार्थी ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण के सक्रिय सहभागी भी बनेंगे।

**तीन संस्थाएं मिलकर संभालेंगी पूरी व्यवस्था**

इस महत्वाकांक्षी अभियान में हीलिंग हिमालयास फाउंडेशन यात्रियों को कूड़ा बैग उपलब्ध कराने तथा गौरीकुंड में संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। वहीं सुलभ इंटरनेशनल द्वारा एकत्रित कूड़े का उठान कर उसका वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप अंतिम निस्तारण किया जाएगा। नगर पंचायत केदारनाथ पूरी प्रक्रिया की निगरानी एवं समन्वय की जिम्मेदारी निभाएगी।

**स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

उपजिलाधिकारी ऊखीमठ एवं प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ के निर्देशन में संचालित यह अभियान केवल कूड़ा प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं में पर्यावरणीय चेतना विकसित करना भी है। प्रशासन चाहता है कि बाबा केदार के दर्शन के साथ श्रद्धालु हिमालय की स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण का संदेश भी अपने साथ लेकर जाएं।

# एक वर्ष से चल रही गौ कथा, 5 जून को जन्मदिवस पर पूर्णाआहुति देंगे गोपालमणि महाराज

**चोपड़धार गौधाम बना श्रद्वा का केंद्र, देशभर से पहुंच रहे गौ भद्र**

**उत्तरकाशी।** चिन्यालीसौड़ के चोपड़धार स्थित गौलोक गौधाम में हएक वर्ष एकादश दिवसीय गौ प्रतिष्ठा संकल्प सिद्धि अनुष्ठानह्न एवं दिव्य धेनुमानस गौकथा में प्रतिदिन श्र)ालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। गौ संरक्षण, भारतीय संस्ख्रति के संवर्धन तथा गो माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर शुरू की गई यह अनूठी कथा अब अपने समापन की ओर बढ़ रही है। कथा का विधिवत समापन 5 जून को गोपालमणि महाराज वेदव्यास जी के जन्मदिवस के अवसर पर किया जाएगा।



गौरतलब है कि गोपालमणि महाराज वेदव्यास जी ने 25 मई 2025 को इस अखंड गौ कथा का शुभारंभ किया था। उनका उद्देश्य समाज में गौ सेवा और गौ संरक्षण के प्रति जनजागरण करना तथा भारतीय संस्ख्रति के मूल्यों को सुख्रढ़ करना है।

कथा के दौरान प्रवचन करते हुए महाराज ने कहा कि देशभर में गाय को सम्मान देते हुए उसे राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में गाय को सभी देवी-देवताओं का निवास माना गया है और गौ सेवा से मानव जीवन के अनेक कष्ट दूर होते हैं।

गाय भारतीय संस्ख्रति और आध्यात्मिक जीवन का आधार है तथा समाज को सातविकता और समृद्धि प्रदान करती है।

गौलोक गौधाम चोपड़धार में आयोजित इस अखंड धेनुमानस कथा में देश के विभिक राज्यों से बड़ी संख्या में गौ भद्र पहुंच रहे हैं।

# मसूरी में पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व विकास कार्यों में तेजी लाएंः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी नगर पालिका टाउन हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



■ कैबिनेट मंत्री मसूरी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

बैठक में कैबिनेट मंत्री जोशी ने मसूरी में पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 24 घंटे के भीतर पेयजल आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को पानी की लाइनों में होने वाले लीकेज को तत्काल चिन्हित कर उनकी मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि जल की बर्बादी रोकी जा सके और आम जनता को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्याओं की समीक्षा एवं समाधान की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।कैबिनेट मंत्री जोशी ने मसूरी में एसटीपी निर्माण, सीवर ट्रीटमेंट तथा पैचवर्क से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में संचालित एवं प्रस्तावित सड़कों के निर्माण, सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्यों में तेजी लाने को कहा। साथ ही किमाड़ी मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, उपजिलाधिकारी राहुल कुमार, ईई लोक निर्माण विभाग राजेश कुमार सहित विभागों के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**मॉल रोड के सुधारीकरण एवं जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान पर की चर्चाः** बैठक में मॉल रोड के सुधारीकरण एवं जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान पर भी चर्चा की गई। मंत्री जोशी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इको पार्क एवं जीरो प्वाइंट पार्किंग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। बरसात के मौसम को देखते हुए मंत्री गणेश जोशी ने वन विभाग के अधिकारियों को ऐसे पेड़ों की पहचान कर उनकी समय रहते लॉपिंग करने के निर्देश दिए, जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को पुराने विद्युत पोलों की शिफ्टिंग से संबंधित इस्टीमेट एवं अन्य आवश्यक कागजी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बारीकियां सीखेंगे तकनीकी संस्थानों के छात्रः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों एवं अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपने पाठ्यक्रम के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कोडिंग की बारीकियां भी सीखेंगे। इसके लिए प्राविधिक शिक्षा विभाग ने कोडयोगी फाउंडेशन तथा कम्प्यूटर एंड लर्न फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।



■ प्राविधिक शिक्षा विभाग ने किया कोडयोगी व कम्प्यूटर एंड लर्न फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन

सोमवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत राज्य के पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों को एआई के मूलभूत सिद्धांतों, कोडिंग, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग तथा इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को समय की मांग के अनुरूप आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को नई तकनीकों में दक्ष बनाने के साथ-साथ उनकी समस्या समाधान क्षमता (प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल) और नवाचार (इनोवेशन) की सोच को भी विक. सित करेगी।

बैठक में सचिव तकनीकी शिक्षा डॉ. रंजीत सिन्हा, कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. तृप्ता ठाकुर, निद. ेशक तकनीकी शिक्षा देशराज, उप सचिव ब्योमकेश दुबे, सचिव यूबीटीआर डॉ. मुकेश पांडेय, कोडयोगी फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत चौधरी, कम्प्यूटर एंड लर्न फाउंडेशन के निदेशक साई प्रसाद साले अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य में भी तेजी लाएंः सीएस

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में एग्री स्टैक से सम्बन्धित कार्यों को प्रदेश के किसानों के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंश निर्धारण के कार्य में में देहरादून, बागेश्वर, नैनीताल और हरिद्वार जनपद को विशेष कदम उठाये जाने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को प्रोएक्टिव होकर कार्य करना होगा।



■ मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों के साथ वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर दिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा कि फर्टिलाइजर्स का वितरण का कार्य भी किसान पंजीकरण के आधार पर ही होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि लगातार मॉनिटरिंग करते हुए दैनिक प्रगति को बढ़ाने पर फोकस किया जाए ताकि किसानों का पंजीकरण कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने इसके लिए कैम्प आयोजित कर किसान पंजीकरण का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान पंजीकरण कार्य पूर्ण ना होने से पीएम किसान और उर्वरक का वितरण अटक सकता है।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण कर्मियों की कमी को देखते हुए इसमें स्वयं सहायता समूहों और युवा मंगल दलों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों को लगाये जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर यह कार्य कराया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने एग्री स्टैक से सम्बन्धित सभी कार्यों में तेजी लाये जाने के लिए किसानों को जागरूक किए जाने की भी बात कही। इससे युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि एग्री स्टैक बहुत महत्त्वपूर्ण है, समय से यह सभी कार्य पूर्ण ना होने से भारत सरकार की बहुत सी स्कीम्स का लाभ किसानों को मिलना बंद हो सकता है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, डॉ. वी. षणमुगम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एस. एन. पाण्डेय एवं रंजना राजगुरु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने महिला तस्कर को 6 किलो गांजे के साथ दबोचा

**देहरादून।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक महिला को लगभग 6 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दिलचस्प बात यह है कि आरोपी महिला का पति भी पूर्व में इसी अपराध में जेल की हवा खा चुका है। क्षेत्राधिकारी अंकित कंडारी ने बताया कि मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने 1 जून की रात ब्रह्मपुरी कालाग्राउंड के पास घेराबंदी की। तलाशी लेने पर एक महिला के पास से 5 किलो 992 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने अपना नाम निर्मला, पत्नी धर्मेंद्र साहनी, निवासी ब्रह्मपुरी बताया। अभियुक्ता ने स्वीकार किया कि वह इस गांजे को बिहार से लेकर आई थी। उसकी योजना इसे सेलाकुई के औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों और स्थानीय नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचने की थी।

**पति भी है नशे का पुराना खिलाड़ीः** गिरफ्तार निर्मला का पारिवारिक इतिहास भी अपराध से जुड़ा है। पुलिस ने बताया कि इससे पहले उसके पति धर्मेंद्र साहनी को भी अवैध गांजे की तस्करी के मामले में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पति के जेल जाने के बाद अब पत्नी भी उसी राह पर चल पड़ी थी, लेकिन समय रहते पुलिस ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# विपक्ष की भूमिका में विफल कांग्रेस को 27 में छींका फूटने का इंतजारः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी कि अपने गृह राज्य हरियाणा में बारम्बार फेल होने वाले उत्तराखंड में छींका फूटने का ख्वाब दिखा रही है जो कि हास्यास्पद है।



■ कहा -विगत 9 वर्षों से भाजपा सरकार ने किए विकास के ऐतिहासिक कार्य

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा देहरादून से लेकर दिल्ली तक जनता से किये प्रत्येक वादे को पूरा कर लगातार भाजपा उनका विश्वास जीत रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी विपक्ष की भूमिका में भी फेल रहने के बाद आज भी बिल्ली के भाग से छींका फूटने का इंतजार कर रही है।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में उनकी तरफ मीडिया ने जारी बयान में कहा कि विगत 9 वर्षों से भाजपा सरकार ने विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने तो प्रत्येक क्षेत्र में नए नए कीर्तिमान स्थापित किए है। यूसीसी, धर्मांतरण कानून, दंगारोधी कानून, धार्मिक अतिक्रमणों पर कार्रवाई जैसे डेमोग्राफी संतुलन बनाने के ऐतिहासिक कार्यों के साथ नकल कानन, आल टाइम रिकॉर्डतोड़ सरकारी नियुक्तियां, नकल माफियाओं का सफाया, लाखों लखपति दीदी बनाना, बुजुर्ग दम्पति दिव्यांग आदि की पेंशन वृद्धि के अतिरिक्त वीर जवानों और उनके परिजनों के सहयोग राशि में बढ़ोत्तरी जैसे अभूतपूर्व जनकल्याण के काम किए गए।

इसी तरह सड़क रेल हवाई और रोवे आदि की कनेक्टिविटी की बेहतरी में तीव्र गति से काम आग बढ़ा है। वहीं पीएम मोदी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से लाखों करोड़ के विकास योजनाओं ने देवभूमि की तस्वीर बदल दी है। आज बारों मास चार धाम यात्रा संभव हुई है, राज्य के अंदर सभी क्षेत्रों का दिल्ली से दूरी कम हुई है, रेल पहाड़ पर चढ़ने वाली है और रोपवे से चीटियों को जोड़ने की तैयारी अंतिम रूप में है। यही वजह है कि सरकार या भाजपा ही नहीं समूचे प्रदेशवासियों को भरोसा है कि ये दशक उत्तराखंड का बनने लगा है।

उन्होंने कांग्रेस प्रभारी के आरा. ेपों पर पलटवार करते हुए कहा कि जो अपने गृह राज्य हरियाणा में विधानसभा के बाद अब निकाय चुनाव में जीत नहीं दिला पाई हों। जो अपने राज्य में गुटबाजी की प्रयाय हो, जिनकी हिमाचल आदि राज्य सरकारों पर निकाय चुनावों में हार का सिलसिला जारी हो, वो जीत के दावे कर रही हैं देवभूमि में।

कहा, हाल में आए नतीजों में हरियाणा में 10 निगम में से 9 भाजपा और मात्र 1 पर कांग्रेस जीती है।

हिमाचल में भी 4 निगमों में एक पर कांग्रेस जीती, बाकि नगर पालिका पंचायत परिषदों के नतीजे तो कांग्रेस के लिए और भी खराब रहे हैं। उन्होंने तंज किया कि ऐसे मुंगेरी लाल के हसीन सपने वो अपने स्थानीय कांग्रेस नेताओं को दिखा सकती हैं, लेकिन जनता को नहीं। कांग्रेस को लगता है कि वह राहुल जैसे फुके हुए कारतूस से बारूद तैयार कर सकती है तो ऐसी खुशफहमी उन्हें ही मुबारक। बाकी जहां तक सवाल है राज्य कांग्रेस का तो वे सभी बिल्ली के भाग से छींका फूटने का इंतजार कर रहे हैं।

# राहुल गांधी के कार्यक्रमों से भाजपा में बौखलाहटः धस्माना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** देश के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी चार व पांच जून के दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे से भाजपा में बौखलाहट का आलम यह है कि भाजपा उनके उत्तराखंड आगमन पर ही सवाल उठा रही है और पूर्व सैनिकों से राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रम के बारे में अनर्गल प्रलाप कर रही है यह बात आज एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही।

■ पूर्व सैनिकों से संवाद कार्यक्रम से भाजपा बेचैन

ना ने कहा कि भाजपा के एक नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी को पूर्व सैनिकों व सैनिकों की याद चुनाव की वजह से आ रही है, धस्माना ने कहा कि पूर्व सैन्य अधिकारी इन नेता जी को शायद यह नहीं पता कि पुलवामा हमले के बाद देहरादून आगमन पर राहुल गांधी शहीद मेजर चित्रेश बिष्ट और शहीद मेजर विभूति ढौंढियाल के परिजनों से मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे और भाजपा राज में जो आतंकवादी हमले चाहे वो पठानकोट चाहे उड़ी चाहे पुलवामा या पहलगाम हमले हों राहुल गांधी ने हमेशा सरकार की विफलता पर सवाल उठाया ना कि सेना पर दोष मढ़ा। धस्माना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक जिम्मेदार विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने तत्काल सरकार को पूर्ण समर्थन दिया। धस्माना ने कहा कि परेशानी यह है कि भाजपा अपने को देश और सेना समझती है और जब राहुल गांधी देश की भाजपा सरकार की विफलता की बात करते हैं तो भाजपा अनर्गल प्रलाप कर इसे देश और सेना के साथ जोड़ देते हैं। धस्माना ने कहा कि राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा के लिए एक बहुत बड़ी गलती करार दिया और उनका यह संकल्प है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही अग्निपथ योजना समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू कर अग्निवीर भर्ती खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। धस्माना ने कहा कि श्री राहुल गांधी की इस घोषणा से पूरे देश और विशेष रूप से उत्तराखंड के युवाओं में राहुल गांधी के प्रति आकर्षण बड़ा है और यह भाजपा के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

# उत्तराखंड में चल रहा है माफिया राजः गरिमा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने चकराता वन प्रभाग के उप प्रभागीय वन अधिकारी राजीव नयन नौटियाल की और से अपनी सुरक्षा की मांग किए जाने के मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि यह उत्तराखंड में कानून व्यवस्था और शासन व्यवस्था की भयावह स्थिति को उजागर करता है।

गरिमा ने कहा कि जब अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने वाला एक जिम्मेदार अधिकारी स्वयं अपनी जान को खतरा बताकर सुरक्षा की गुहार लगाने को मजबूर हो जाए, तो यह स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश में खनन माफियाओं का आतंक बढ़ चुका है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि लंबे समय से सुरक्षा की मांग के बावजूद अधिकारी को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि अवैध खनन माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद हुए हैं। प्रदेश की नदियों, जंगलों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। यदि एक सरकारी अधिकारी ही स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि अवैध खनन का मुद्दा केवल कांग्रेस ही नहीं उठा रही है, बल्कि स्वयं भाजपा के भीतर से भी लगातार आवाजें उठती रही हैं।

## प्रशासन का चला बुलडोजर ,शीशमबाड़ा में अवैध मजार ध्वस्त

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत देहरादून जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील विकासनगर के शीशमबाड़ा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाई गई एक अवैध मजार को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की। प्रशासन के अनुसार, शीशमबाड़ा स्थित जिस भूमि पर मजार का निर्माण किया गया था, वह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। लंबे समय से इस पर अवैध कब्जा कर मजार संचालित की जा रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमानुसार नोटिस देने और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही यह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा, ष्सरकारी भूमि जनसंपत्ति है, जिस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा कतई स्वीकार्य नहीं है।

# करोड़ों की जमीन हड़पने वाली मुख्य आरोपी महिला सहारनपुर से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में भू-माफियाओं के खिलाफ एसएसपी देहरादून की सख्ती रंग ला रही है। कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने करोड़ों रुपये की बेशक. ीमती जमीन को हड़पने के लिए मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाली मुख्य महिला आरोपी को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मृत व्यक्ति के स्थान पर किसी अन्य को खड़ा कर फर्जी मुख्तारनामा तैयार किया था।



क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी ने बताया कि वादी राहुल देव निवासी टर्नर रोड, पटेलनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके ममेरे दादा स्व. केवल कृष्ण ने वर्ष 2009 में अपनी संपत्ति वसीयत के जरिए उनके नाम की थी। 2016 में दादाजी के निधन के बाद 2024 में संपत्ति वादी के नाम दर्ज हो गई थी। इस वर्ष जब वादी ने अपनी भूमि की फर्द निकलवाई, तो उन्हें पता चला कि बबीता देवी नामक महिला ने 2025 में उनके मृत दादाजी के नाम से एक कूटरचित अधिकार पत्र तैयार करवाया। बबीता ने किसी अन्य व्यक्ति को स्व. केवल कृष्ण बनाकर संपत्ति पर स्टे लेने के लिए आपत्ति पत्र भी दाखिल किया था। इस फर्जीवाड़े में राजकमल और मो. ईनाम कुरैशी गवाह के तौर पर शामिल थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच और गिरफ्तारी के निर्देश दिए। कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने रजिस्ट्री कार्यालय, राजस्व विभाग और बैंकों से अहम दस्तावेज जुटाए। साक्ष्य पुख्ता होने के बाद पुलिस टीम ने जाल बिछाकर मुख्य आरोपी बबीता देवी (52 वर्ष, पत्नी टेक सिंह, निवासी बीराखेड़ी, सहारनपुर) को कल सहारनपुर के गंगोह रोड से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि शातिर आरोपी ने वादी की करोड़ों की जमीन हथियाने के लिए एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा था। बबीता ने मृतक के नाम पर [आधार कार्ड रेडैक्टेड] के स्थान पर फर्जी पहचान पत्र तैयार कर उसका उपयोग किया और जाली मुख्तारनामा तैयार कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस अब मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# जिला योजना में अब 'इनोवेटिव' प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता, डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून की विकास रूपरेखा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई जिला योजना संरचना पर मंथन किया। समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने सभी विभागों को जनहितकारी, व्यावहारिक और नवाचार से भरपूर परियोजनाएं प्रस्तावित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला योजना केवल औपचारिक न हो, बल्कि इसका लाभ आम जनता तक सीधे पहुंचना चाहिए।



■ स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता पर जोर, ब्लूबेरी से ट्राउट पालन तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग अनिवार्य रूप से कम से कम एक अभिनव और स्थायी परियोजना प्रस्तुत करे, जो जिले की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक हो। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे ऐसी योजनाओं का चयन करें जिनमें भूमि उपलब्ध हो और जो किसी भी प्रकार के विवाद से मुक्त हों। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पर्याप्त बजट होने के बावजूद समयबद्ध तरीके से काम पूरा न करना विभाग की बड़ी विफलता माना जाएगा और इसके लिए संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से ब्लूबेरी फार्मिंग, ट्राउट मछली उत्पादन, पोल्ट्री और गन्ना उत्पादन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी विद्यालय बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए देहरादून जनपद हेतु कुल 99.39 करोड़ रुपये का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। इसमें 37.19 करोड़ रुपये मानदेय व वचनबद्ध योजनाओं के लिए, 10.39 करोड़ रुपये लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए, 15.93 करोड़ रुपये स्वरोजगार योजनाओं के लिए और 36.25 करोड़ रुपये नवीन व अभिनव कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं।बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिला योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नशे के खिलाफ सभी एजेंसियां मिलकर करें निर्णायक कार्रवाईः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने, नशे की मांग एवं आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को भी नारकोटिक्स समिति से जोड़ा जाए, ताकि उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा उन्मूलन संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस विषय को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में भी शामिल करने की दिशा में प्रयास किए जाएं, जिससे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि नशा समाज के लिए अत्यंत नुकसानदायक है तथा आदर्श राष्ट्र निर्माण की दिशा में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षण संस्थानों एवं आम नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने औषधि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित दवा फैक्ट्रियों एवं मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं दुरुपयोग की रोकथाम के लिए सघन जांच अभियान चलाया जाए।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्याः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांकः 471 | **निविदा सूचना** | दिनांक 02.06.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0), मौहम्मदपुर विद्युत गृह द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैः-
निविदा सूचना सं०- 04/अधि0अभि0/मौ0वि0गृ0/2026-27
1-कार्य का नाम- मौहम्मदपुर विद्युत गृह में ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था की आपूर्ति, स्थापना, एवं कमिशनिंग का कार्य।
2-अनुमानित लागत- रू0 14,03,236 (कर अतिरिक्त)
3-वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 03.06.2026
4.-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 24.06.2026, 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-468 | **निविदा सूचना** | दिनांक- 02/06/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (आई०सी०एण्ड सी०एम०), गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
**निविदा सं० 03/EE(IC&CM)/2026-27**
**कार्य का नाम :** यूजेवीएन लिमिटेड के वार्षिक वित्तीय रिर्पोट 2024-25 का हिन्दी अनुवाद तथा द्विभाषिय वित्तीय रिर्पोट की छपाई का कार्य।
**अनुमानित लागतः** रू० 3,64,654.00 मात्र (जी०एस०टी० अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 03.06.2026
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 24.06.2026 को 12:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"
अधिशासी अभियन्ता (आई०सी०एण्ड सी०एम०)

# एसआईआर 2026 के अंतर्गत बीएलओ, सुपरवाइजर एवं बीएलए को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत 35-हरिद्वार ग्रामीण और 27 ज्वालापुर (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल ऑफिसर (BLO), बूथ लेवल सुपरवाइजर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (BLA) का प्रशिक्षण बीएचईएल कन्वेंशन हॉल में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी ने उपस्थित सुपरवाइजर, बीएलओ एवं बीएलए से कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ करेंगे तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का संपादन करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा त्रुटि सुधार से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



मुख्य संदर्भदाता डॉ. संतोष कुमार चमोला ने प्रतिभागियों को निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने निर्वाचन कार्यों को पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निर्धारित प्रपत्रों, समयबद्ध कार्यवाही एवं समन्वय के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मित्तल, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार श्याम सुंदर प्रसाद, नायब तहसीलदार हरिद्वार मदन लाल, जिला शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, सहायक नोडल अधिकारी मीडिया गोविन्द कुर्ल, संतोष रावत, प्रकाश चंद देवराणी सहित समस्त बूथ लेवल ऑफिसर (BLO), बूथ लेवल सुपरवाइजर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (BLA) मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम डा. निशंक एवं राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने किया सप्तऋषि दुर्घटना स्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.रमेश पोखरियाल निशंक व राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने सोमवार को सप्तऋषि क्षेत्र में डंपर द्वारा बस को टक्कर मारने से हुई दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर क्षति का जायजा लिया तथा अधिकारियों से घटना की जानकारी प्राप्त कर राहत एवं यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को हुई दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गयी थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे। पूर्व सीएम डा.निशंक व राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने पंजाबी ढाबे का भी निरीक्षण किया।



बस को टक्कर मारने के बाद डंपर पंजाबी ढाबे में जा घुसा था। राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने अधिकारियों को आमजन की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान सीओ सिटी, ट्रैफिक पुलिस, सप्तऋषि चौकी प्रभारी, परिवहन विभाग, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### दहेज उत्पीड़न व जान से मारने का आरोप, पति सहित सात पर मुकदमा

**बहादराबाद।** दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला ने ससुराल वालो पर, गाली गलौच, मारपीट, दहेज उत्पीड़न व जान से मारने का आरोप लगाते हुये महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक थाना बहादराबाद क्षेत्र के घोडे वाली निवासी एक महिला ने थानां बहादराबाद में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी मोसिन ग्राम सम्भालकी गुज्जर थाना फतेहपुर के साथ रीती रिवाज के साथ हुई थी उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था । शादी के बाद उसका पति मोशीन, ससुर गुलजार, देवर साहिब , सास वरिशा, नन्दोई आदिल, ननद सहराना, मेहरबान द्वारा दहेज के लिये प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने अपने पति, ससुर और सास को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नही माने। साथ ही कम दहेज के लिये गाली गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसपर पीड़िता महिला ने थाना बहादराबाद में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### प्लाट कब्जे के विवाद में दो महिलाओं से मारपीट, चार लोगों मुकदमा

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के गढ़मीरपुर गांव में प्लॉट पर कब्जे के विवाद को लेकर पडोसियों ने घर में घुसकर दो महिलाओं के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़मीरपुर निवासी बसारत खां पुत्र नफासत खां ने कोतवाली रानीपुर में शिकायत देकर बताया कि उसके घर से सटा हुआ एक प्लॉट है। आरोप है कि 30 मई की शाम करीब साढ़े छह बजे पडोसी नसीम पुत्र जहांगीर, उसका पुत्र आसिफ और नसीर पुत्र नसीम प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से वहां बनी दीवार को तोड़ने लगे। उसकी माता फातमा दीवार तोड़े जाने की वीडियो अपने मोबाइल फोन से बनाने लगीं और इसका विरोध किया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर नसीम की पत्नी शाहजहां समेत सभी घर में घुस आए और फातमा व उनकी ननद जाहिदा के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी बिलाल मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। आरोप है कि उन्होंने महिलाओं के साथ मारपीट जारी रखी। इसी दौरान फातमा ने पुलिस को घटना की सूचना दी। फातमा के कान में गंभीर चोट पाई गई। सुनने में दिक्कत होने के कारण उन्हें ईएनटी विशेषज्ञ के पास रेफर किया गया है। वहीं जाहिदा के दोनों हाथों में चोट आने पर चिकित्सकों ने एक्स-रे कराने की सलाह दी है। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपी नसीम पुत्र जहांगीर, आसिफ पुत्र नसीम, नसीर पुत्र नसीम और शाहजहां पत्नी नसीम, निवासी ग्राम गढ़मीरपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रक्तकेंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया नवनियुक्त पीएमएस का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरमिलाप मिशन जिला चिकित्सालय के रक्तकेंद्र के प्रभारी डा.रविन्द्र चौहान के नेतृत्व में रक्तकेंद्र एवं पैथोलॉजी लेब के कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय के नवनियुक्त प्रमुख अधीक्षक डा.श्याम किशोर सोनी को बुके देकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। नवनियुक्त प्रमुख अधीक्षक डा.श्याम किशोर सोनी ने कहा कि रक्तकेंद्र में जो भी समस्याएं और चुनौती होंगी उनका हम सब मिलकर सामना करेंगे। सम्मान करने वालों में डा.रविन्द्र चौहान, अमित कुमार, दिनेश लखेडा, विनोद तिवारी, प्रदीप मौर्य, वर्णिक चौधरी, नवीन बिंजोला आदि शामिल रहे।

# अलीपुर में मंदिर के सामने लगा गंदगी का अंबार

## श्रद्धालुओं, मोहल्ले वासियों ने ग्राम प्रधान से कूड़ा उठाने व सफाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र के गांव अलीपुर में मंदिर के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही मोहल्ले वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। लोगों ने ग्राम प्रधान से कूड़ा उठाने के साथ ही साफ सफाई कराने की मांग की हैं। बहादराबाद क्षेत्र के गांव अलीपुर में मौजूद मंदिर के सामने खाली पड़े ग्राम समाज की भूमि में गंदगी फैली हुई हैं। जिस कारण मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्राम निवासी भगवानदास, राहुल, केतन, खजान सिंह, संजय ने बताया कि पिछले दो-तीन साल से मंदिर के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ हैं। ग्राम पंचायत द्वारा यहां पर कोई साफ सफाई नहीं कराई जाती। गंदगी के कारण मलेरिया, डेंगू जैसी संक्रमित बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। बरसात के मौसम में बारिश होने के बाद कूड़े के ढेर में पानी जमा हो जाता हैं। जिस कारण गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से उनको परेशानी का सामना करना पड़ता है। सभी ग्राम वासियों ने कूड़े को उठाने के साथ ही साफ सफाई कराने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस पंचायती भूमि की



चारदीवारी कर दी जाये तो कोई इस भूमि में कूड़ा नही डलेगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अलीपुर सुंदरलाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, सफाई कार्य लगातार चल रहा है जल्द ही मंदिर के सामने सफाई करा दी जाएगी।

# एंजिल्स एकेडमी में वार्षिक सम्मान समारोह, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** एंजिल्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बहादराबाद में मंगलवार को वार्षिक सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड रमेश पोखरियाल निशंक तथा विशिष्ट अतिथि आदेश चौहान रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि चौहान ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह में कक्षा 9 से 12 तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से 21-21 हजार रुपये का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। अपने संबोधन में डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है और विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। विधायक आदेश चौहान ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सम्मान और प्रोत्साहन युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देता है।




समारोह में राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नी, एससी आयोग सदस्य मनोज गौतम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि, अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम व महंगाई बढ़ने पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी के बढ़ते दाम, महंगाई और बढ़ रही गरीबी पर रोष प्रकट करते हुए सरकार से जनता को विकल्प देने की मांग की है। ज्वालापुर इंटर कालेज प्रांगण में आयोजित संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ रही है। जिसका असर सीधा आम आदमी के बजट पर पड़ रहा है। लोगों के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है। जरूरत की तमाम चीजें आम जनता की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। देश मे गरीबी बढ़ रही है। सरकार इसका कोई विकल्प जनता को दे ताकि कुछ राहत मिल सके। उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता ने कहा केंद्र सरकार पहले जनता को विश्वास में लेकर देश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई नहीं होने के बारे मेंघोषणा करती थी। लेकिन वर्तमान में इसका उल्टा हो रहा है और सरकार लगातार दामों में बढ़ोतरी करती जा रही है। संगठन मंत्री एससीएस भास्कर ने कहा कि ऊर्जा तथा खाने के तेल का कम उपयोग करने के प्रधानमंत्री के सुझाव पर जनता पूरी तरह अमल कर रही है। महामंत्री बाबूलाल सुमन ने कहा कि जिस समय कच्चे तेल का भाव लगभग 40 डॉलर प्रति बैरल था। सरकार ने उस समय भी पैट्रोल डीजल के दाम कम कर जनता को कोई लाभ नहीं दिया। बैठक में रोहिताश शर्मा, एपी गौड, महेन्द्र चौहान, जितेन्द्र अग्रवाल, अशोक पाल, रमेशचन्द्र मिश्रा, गिरधारीलाल, गुलाब राय, रामबचन, संतराम, विपिन गोयल, जगराम, युपी सिन्हा, राधेश्याम, ताराचंद, शिवबचन, सुभाष ग्रोवर, शिवचंद्र शर्मा, भोपाल, सुंदरलाल, शिवचरन, हरदयाल अरोडा, मोतीलाल, सुभाषचन्द्र, मोतीलाल, हरगुलाल चौहान आदि शामिल रहे।

# सनातन की धरोहर है कुंभ मेला : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आनन्द पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी ने निरंजनी अखाड़े पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से भेंट की। भेंट के दौरान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी एवं आनन्द पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरी ने सनातन धर्म और हरिद्वार कुंभ मेले को लेकर चर्चा करते हुए युवा पीढ़ी से पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर सनानत संस्कृति का अनुसरण करने का आह्वान किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सदैव वसुधैव कुटुंकम का संदेश देने वाली सनातन संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है और कुंभ मेला सनातन की धरोहर है। सभी तेरह अखाड़े और समस्त संत समाज मिलकर अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले को भव्य और दिव्य स्वरूप में संपन्न कराएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पाश्चात्य संस्कृति का मोह त्यागकर सनातन संस्कृति को अपनाएं और सनातन को आगे बढ़ाने में योगदान करें। आह्वान पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरी ने कहा कि अखाड़ा परिषद संतों की सर्वोच्च संस्था है और अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी संत परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रयागराज महाकुंभ अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में दिव्य और भव्य स्वरूप में संपन्न हुआ है। उसी प्रकार विश्व की आध्यात्मिक राजधानी हरिद्वार के गंगा तट पर अगले साल होने वाला कुंभ मेला भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का भव्य प्रतीक बनेगा। कुंभ मेले के दौरान गंगा तट पर संतों की दिव्य वाणी से प्रसारित होने वाले आध्यात्मिक संदेश पूरे विश्व को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी, महंत राज गिरी, स्वामी कुलदीप गिरी, स्वामी नत्थीनंद गिरी, आचार्य मनीष जोशी, विनीत कुमार लोहिया आदि मौजूद रहे।



# नहर पटरी पर हरे पेड़ काटे जाने पर रोष जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पर्यावरण मित्र संस्था ने घाट निर्माण के नाम पर नहर पटरी पर हरे पेड़ काटे जाने पर ऐतराज करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की है। संस्था के अध्यक्ष डॉ संदीप कपूर ने कहा कि गंगनहर पटरी पर सुबह शाम शहर के लोग टहलने जाते हैं। लेकिन घाटों के निर्माण के नाम पर नहर पटरी पर सैकड़ों पेड़ों को काट दिया गया है। जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। डा.संदीप कपूर ने कहा कि एक ओर उत्तराखंड सरकार पर्यावरण के संरक्षण के नाम पर सेस वसूल रही है तो दूसरी ओर गंगा के किनारे वृक्षों को काटकर पर्यावरण का नुकसान किया जा रहा है। डा.कपूर ने कहा कि यह विकास नहीं विनाश है। संस्था के महामंत्री संजय पवार ने कहा कि यदि इसी तरह से पेड़ों को काटा जाता रहा तो शीघ्र ही हरिद्वार का हाल भी एनसीआर जैसा हो जाएगा।

### डीएम के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को मिलेगी और गति

# सीडीओ ने हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्रॉली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद को साफ स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका असर धरातल पर भी दिखाई देने लगा है। जनपद में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को और गति मिलेगी इसके लिए आज मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने विकास भवन परिसर से विकासखंड बहादराबाद एवं खानपुर को मिनी हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्रॉली को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे



स्वच्छता अभियान सफल बनाने एवं इसमें और गति लाने के लिए विकासखंड बहादराबाद एवं खानपुर को मिनी हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्रॉली प्रदान की गई है जिन्हें विकास भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर कर दोनों विकास खण्डों के लिए रवाना किया गया तथा विकास खण्डों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में शामिल होकर क्षेत्र के कूड़ा उठाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, नोडल अधिकारी स्वच्छता चन्द्रकातं मणि त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) ।**

**शिकायत सं0 DC/50/CC/271/2023**

**श्री मनोज कुमार बनाम ओप्पो मोबाईल इण्डिया प्रा0लि0 व अन्य।**

**विपक्षी - रमेश्थ कम्युनिकेशन, राम चौक के पास, ज्वालापुर, पो0 ज्वालापुर, जिला हरिद्वार।**

**उपरोक्त शिकायत में विपक्षी पर पंजीकृत नोटिस भेजा गया परन्तु तामिल पर्याप्त नहीं हो सकी। अतः इस नोटिस का प्रकाशन इस आशय से कराया जा रहा है कि विपक्षी उपरोक्त शिकायत सं0 271/2023 में जवाब / सुनवाई स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रातः 10:30 बजे दिनांक 23-06-2026 को इस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार में उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि आप नियत तिथि को न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते है और न ही जवाब दाखिल करते है तो उपरोक्त शिकायत में आपकी अनुपस्थिति अंकित करते हुए सुनवाई उपरान्त एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 02-06-2026 को उक्त नोटिस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार की मुद्रा में जारी किया गया।**

**आज्ञा से**
**अध्यक्ष - जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार**

# मुख्य आरोपी की रिमांड के बाद भी नहीं मिला मृत बाघों के पंजों का सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार वन प्रभाग की श्यामपुर रेंज में दो बाघों के शिकार के सनसनीखेज मामले की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी आमिर हमजा उर्फ मियां से पूछताछ के लिए वन विभाग को कोर्ट से तीन दिन की रिमांड मिली थी। हालांकि रिमांड अवधि के दौरान वन विभाग को बाघों के पंजों सहित कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद करने में सफलता नहीं मिल सकी है। इसके बावजूद विभाग का दावा है कि जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है। वन विभाग की टीम ने इससे पहले आरोपियों की निशानदेही पर बाघों के शिकार में इस्तेमाल किए गए हथियार बरामद कर लिए थे। जांच अधिकारियों का मानना है कि बरामद हथियारों और अन्य साक्ष्यों से यह स्पष्ट हो चुका है कि आरोपियों का संबंध घटना से है। अब विभाग का मुख्य फोकस बाघों के पंजे और पेंडिंग रिपोर्ट पर है। मुख्य आरोपी आमिर हमजा को रिमांड पर लेकर वन विभाग की टीम ने कई संभावित स्थानों पर छानबीन की। आरोपी से लगातार पूछताछ की गई और उसकी निशानदेही पर विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया। इसके बावजूद अभी तक बाघों के पंजों और कुछ अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों का पता नहीं चल पाया है। वन विभाग की टीम श्यामपुर रेंज और आसपास के जंगलों में लगातार सर्च अभियान चला रही है। अधिकारियों के अनुसार जिन क्षेत्रों में आरोपियों की गतिविधियां सामने आई हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। टीम आधुनिक तकनीकों और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर संभावित ठिकानों की तलाश कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने डॉग स्क्वाड की मदद भी ली है। इसके अलावा तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के संपर्कों और गतिविधियों की गहन पड़ताल की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। वन विभाग इस मामले को केवल एक अलग घटना के रूप में नहीं देख रहा है। जांच टीम क्षेत्र में पूर्व में हुई वन्यजीव तस्करी और शिकार की घटनाओं के रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों का संबंध किसी बड़े वन्यजीव तस्करी गिरोह से हो सकता है। डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि रिमांड के दौरान कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम पूरी गंभीरता के साथ मामले की जांच कर रही है और जल्द ही बाघों के पंजों सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद होने की उम्मीद है।



# महिला से मारपीट व धमकी देने का आरोप, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि घटना के बाद लगातार फोन कर उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बजरीवाला बैरागी कैंप निवासी पिंकी पत्नी अमित ने कोतवाली कनखल में तहरीर देकर बताया कि 31 मई की सुबह वह अपने कार्य से बाहर निकली थी। आरोप है कि इसी दौरान राजघाट क्षेत्र निवासी शिवम शर्मा दक्ष रोड स्थित एक प्रतिष्ठान के समीप पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से अभद्र व्यवहार भी किया। उसका कहना है कि घटना यहीं नहीं रुकी। इसके बाद आरोपी लगातार मोबाइल फोन के माध्यम से उसे और उसके पति को परेशान कर रहा है। बार-बार फोन कर अपशब्द कहे जा रहे हैं तथा दोनों को मिलने के लिए बुलाकर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# एमडीडीए ने ऋषिकेश व देहरादून में किए में दो भवन सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान को और तेज करते हुए ऋषिकेश और देहरादून में दो बड़े निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई को अवैध निर्माण करने वालों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है। एमडीडीए का कहना है कि बिना मानचित्र स्वीकृति और प्राधिकरण की अनुमति के किए जा रहे किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार कठोर कदम उठाए जाएंगे।



**नियम तोड़ने वालों को प्राधिकरण का सख्त संदेश, बिना स्वीकृति निर्माण पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई**

एमडीडीए की टीम ने पहली कार्रवाई ऋषिकेश क्षेत्र के खैरीकला श्यामपुर में की, जहां सुनील नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायतों और निरीक्षण के दौरान निर्माण को प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना पाया गया। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

दूसरी बड़ी कार्रवाई देहरादून शहर के सुभाष नगर स्थित पंत मार्ग क्षेत्र में की गई। यहां सविता गहलोत द्वारा बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। जांच में निर्माण को प्राधिकरण की अनुमति के अनुरूप नहीं पाया गया। संयुक्त सचिव प्रत्युष सिंह के निर्देश पर एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर भवन को सील कर दिया। इस कार्रवाई में सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता एवं सुपरवाइजर की टीम शामिल रही।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति : तिवारी

उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति है। सभी नागरिकों और निर्माणकर्ताओं को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि बिना स्वीकृत मानचित्र और आवश्यक अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। एमडीडीए लगातार निरीक्षण कर रहा है और जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया जा रहा है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। हमारा उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि सुनियोजित और सुरक्षित शहरी विकास सुनिश्चित करना है।

### निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृतियां करें प्राप्त : बर्निया

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों की लगातार निगरानी की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीलिंग और अन्य वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से अनुरोध है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करें और भवन उपविधियों का पालन करें।

# नवाबगढ़ पुल नं.1 से खादर मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधानसभा क्षेत्र विकासनगर के अंतर्गत नवाबगढ़ पुल नं.-1 से खादर तक मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

लगभग 312.55 लाख की लागत से बनने वाला यह 3.700 किलोमीटर लंबा मार्ग क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराएगा। सड़क के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को आवागमन में आसानी होगी। इस अवसर पर



विधायक ने कहा कि विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, सिंचाई एवं जनहित से जुड़े विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय किसानों, विद्यार्थियों और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा, साथ ही क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क सुविधाएं पहुंचाना है, जिससे लोगों का जीवन सुगम हो सके। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

# घनसाली में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की दिशा में पहल, डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** घनसाली बाजार के समीप केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के संबंध में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूल खोले जाने के लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर डीएम ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अवगत कराया गया कि घनसाली स्थित राजकीय इंटर कॉलेज गुमेटीधार को जीजीआईसी घनसाली में मर्ज किए जाने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज गुमेटीधार के भवन एवं उपलब्ध आधारभूत संरचना को केंद्रीय विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने पर विचार किया गया। बताया गया कि उक्त विद्यालय परिसर में पर्याप्त भूमि एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे केंद्रीय विद्यालय संचालन हेतु यह स्थान उपयुक्त है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी राय एवं सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए।इस बैठक में घनसाली नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी सुमेर कैन्तुरा, केंद्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप थपलियाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी पूनम चौहान उपस्थित रहे।

# श्री चालदा महाराज के प्रवास की तैयारियां शुरू

**सात गांव खत भरम की समिति गठित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** वर्ष 2026 में हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर स्थित पश्मी गांव से श्री चालदा महाराज के ग्राम बायला (तहसील चकराता, जनपद देहरादून) आगमन को लेकर रविवार को सात गांव खत भरम की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के लगभग 250 से 300 ग्रामीणों ने भाग लिया और महाराज के प्रस्तावित प्रवास की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि श्री चालदा महाराज एक दिवसीय प्रवास पर ग्राम बायला पहुंचेंगे।

इसके बाद उनका भ्रमण बुल्हाड़, तिलूर और कांडोई होते हुए ग्राम मशक तक रहेगा। महाराज के आगमन को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। बैठक में सर्वसम्मति से श्री चालदा महाराज समिति (सात गांव, खत भरम) बायला का गठन किया गया। स्याणा खत भरम संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विजय रावत (ग्राम बुल्हाड़) को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, समस्त ग्रामीणों की सहमति से संजय चौहान (ग्राम बायला) को समिति का महासचिव चुना गया।

महाराज के प्रवास को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क, बिजली, पेयजल, आवागमन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त किया जाएगा। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री चालदा महाराज के आगमन पर क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण और अधिक सशक्त होगा। समिति के पदाधिकारी पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखेंगे।

समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष विजय रावत (बुल्हाड़) महासचिव संजय चौहान (बायला) उपाध्यक्ष मातवर सिंह (आसोई), अतर सिंह (बायला), अतर सिंह (उदांवा), जोतराम (बेगी) तथा मातवर सिंह (बागनी) कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह (उदांवा) सह सचिव राहुल रावत (बुल्हाड़) एवं अतर सिंह (बागनी) सदस्य मान सिंह, दिवान सिंह, सबल सिंह चौहान, राम सिंह, विपिन रावत, अमर सिंह, सियाराम, भगतराम एवं खजान सिंह।

## एक नजर .......

### एसजीआरआर में अचीवर्स की उड़ान व मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**सहसपुर।** श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, सहसपुर में आज अचीवर्स इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस एवं उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'अचीवर्स की उड़ान' 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से 150 मेधावी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में अचीवर्स इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस के चेयरमैन पुष्पेंद्र त्यागी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। वहीं श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आलोक बिजलवान ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हैं और उन्हें नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में जयंत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण एवं आयोजक टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### सेपियंस विद्यालय में सीबीएसई की आनंदमय गणित की कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में "आनंदमय गणित" विषय पर दक्षता निर्माण कार्यक्रम सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 15 विद्यालयों से आए 47 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य गणित शिक्षण को सरल, रुचिकर एवं आनंददायक बनाना था, जिससे विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि एवं समझ का विकास हो सके। कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों द्वारा गणित को रोचक एवं सहज बनाने पर विशेष बल दिया गया, जिससे शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों एवं प्रयोगात्मक विधियों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति के रूप में सेवानिवृत्त कमांडर मोनिका पांडेय (प्रधानाचार्या दून ग्लोबल स्कूल) एवं हर्ष सहदेव (गणित विभागाध्यक्ष डीपीएस बहादराबाद हरिद्वार) उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को गतिविधि-आधारित शिक्षण, नवीन शिक्षण विधियों तथा गणित को आनंददायक एवं सहज बनाने के विविध उपायों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्या गीता नेगी, सीबीएसई समन्वयक आशा गुसाईं तथा सीसीए प्रभारी पारुल, धनंजय एवं शिवम गुप्ता सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# खत पशगांव कर्मचारी विकास समिति की आम बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जौनसार भवन विकासनगर में खत पशगांव कर्मचारी विकास समिति की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में छतरधारी श्री चालदा महाराज जी के प्रवास के दौरान आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर आधारित पुस्तक 'बारांश श्री चालदा महाराज' का विधिवत लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर समिति की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से जगत सिंह चौहान को अध्यक्ष तथा रघुवीर सिंह तोमर को लगातार दूसरी बार महासचिव चुना गया। इसके अलावा टीकम सिंह चौहान एवं जयपाल सिंह नौटियाल को उपाध्यक्ष, रघुवीर सिंह चौहान एवं हर सिंह तोमर को सचिव, केशर



**नई कार्यकारिणी का गठन, सर्वसम्मत्ति से जगत सिंह बने अध्यक्ष**

सिंह राय को संगठन सचिव, फकीर चंद शर्मा को कोषाध्यक्ष, गुमान सिंह शर्मा को मीडिया प्रभारी, बरदावर सिंह चौहान को मीडिया सलाहकार तथा नरेंद्र सिंह नेगी को ऑडिटर नियुक्त किया गया। साथ ही दीवान सिंह चौहान, राजेश जोशी एवं खुशी राम नौटियाल को भी समिति की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के दौरान समिति द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही खत पशगांव क्षेत्र के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त छतरधारी श्री चालदा महाराज जी के प्रवास के दौरान सेवा कार्यों में योगदान देने वाली मैनेजमेंट समिति, चालदा महाराज मंदिर समिति, खत पशगांव के विभिन्न गांवों के सायणों तथा भंडारे के आयोजन में सहयोग देने वाले कारीगरों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शूरवीर सिंह चौहान, डॉ. कृपाराम नौटियाल, केशर सिंह नौटियाल, कुंवरदत्त शर्मा, नारायण सिंह चौहान, प्रताप सिंह राय, केशर सिंह राय, फकीर चंद शर्मा, हर सिंह तोमर, मातवर सिंह तोमर, सरदार शर्मा, युद्धवीर सिंह चौहान, अमर सिंह राय, रघुवीर सिंह चौहान, खजान दत्त शर्मा, बरदावर सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह नेगी, दीवान सिंह चौहान, बुध सिंह नेगी, टीकम सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में 118 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी परियोजना में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड व आईएमए ब्लड बैंक देहरादून के सहयोग से चिकित्सालय, भागीरथीपुरम में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए कर्मचारियों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला द्य रक्तदान शिविर में 118 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें 112 पुरूष व 6 महिलाएं शामिल रहीं।

रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आरआर सेमवाल ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सालय की ओर से नियमित रूप से समय-समय पर चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, शल्य चिकित्सा और अन्य आपात परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, और उस समय किसी अज्ञात रक्तदाता का यह अमूल्य योगदान किसी परिवार के लिए आशा की किरण बन जाता है। शिविर के माध्यम से न केवल रक्त की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न होगी। साथ ही उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर महाप्रबंधकपीएसपी एसके शाहू, अपर महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा एप. बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# सैंसा पणायसा मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए बसपा नेता ने पीएमजीएसवाई कालसी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** जौनसार बावर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 'सैंसा-पणायसा' सड़क की दुर्दशा पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सख्त रुख अपना लिया है। पार्टी के चकराता विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र लाल जौनसारी ने पीएमजीएसवाई कालसी के अधिशासी अभियंता को इस सम्बंध में पत्र लिखकर सड़क की मरम्मत और सुरक्षा मानकों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से इस जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए गुहार लगाई जा रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कालसी द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। बसपा नेता ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित विभाग ने तत्काल प्रभाव से सड़क के सुधार और सुरक्षा मानकों (सुरक्षा दीवारों, साइनेज आदि) को सुनिश्चित नहीं किया, तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने साफ कहा है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए संबंधित अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। ज्ञापन देने वालों में बहुजन समाज पार्टी प्रभारी चकराता भीमदत्त वर्मा, सुन्दर सिंह, रतीराम आदि मौजूद रहे।

# पछवादून गढ़वाल सभा की वार्षिक बैठक संपन्न

**संगठनात्मक गतिविधियों और विकास कार्यों पर हुई चर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून गढ़वाल सभा की वार्षिक बैठक गढ़वाल सभा भवन, दिनकर विहार में सभा अध्यक्ष रोशन नेगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लेते हुए संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान सभा के सचिव लक्ष्मी प्रसाद कोठियाल ने पिछले एक वर्ष में सभा द्वारा किए गए कार्यों, सामाजिक गतिविधियों तथा



आगामी योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सभा सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं सभा के कोषाध्यक्ष सुभाष ममगाई ने सदन के समक्ष सभा की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में वित्तीय स्थिति पर चर्चा के साथ पारदर्शिता और संगठन को और मजबूत बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों को लेकर अपने सुझाव और विचार रखे। सभा अध्यक्ष रोशन नेगी ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से ही संभव है तथा भविष्य में भी समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए मिलजुलकर कार्य किया जाएगा। बैठक में लक्ष्मी कोठियाल, सुभाष ममगाई, सुमन मोहन ममगाई, मोहनलाल रतूड़ी, पीसी चंदोला, जगदीश चंद्र भारद्वाज, आलम सिंह बिष्ट, पूरन प्रसाद भट्ट, सुधा चंदोला, पवन शर्मा, सुरेशानंद बेलवाल, जयंती पटवाल, बीना डोभाल, अनीता नेगी, सरोज मलासी, मंगल सिंह गोसाई, दयानंद सकलानी, अनूप रावत, अजय जुयाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. नई टिहरी, टिहरी गढवाल।
मूल वाद संख्या-19 सन् 2026
कीर्तिदत्त बहुगुणा व अन्य
बनाम
राज्य उत्तराखंड

**नोटिस बनाम**- समस्त आम एवं खास।

चूंकि प्रार्थीयान कीर्तिदत्त बहुगुणा व पुरूषोत्तम दत्त बहुगुणा पुत्रगण स्व0 देवीदत्त बहुगुणा निवासी ग्राम जगधार पट्टी मखलोगी पो0 रानीचौरी तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल द्वारा एक वाद पत्र इस न्यायालय में अपने सगे भाई चिन्तामणी पुत्र स्व0 देवीदत्त बहुगुणा निवासी ग्राम जगधार पट्टी मखलोगी पो0 रानीचौरी तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल के दिनांक-20 दिसम्बर 1983 से अपने निवास स्थान ग्राम जगधार पट्टी मखलोगी पो0 रानीचौरी तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल से कहीं चले जाने के कारण व आज तक भी उनके जीवित व मृत्यु होने का पता न होने के कारण श्री चिन्तामणी पुत्र स्व0 देवीदत्त की सिविल मृत्यु घोषित किए जाने की डिक्री चाहने हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक-16-06-2026 की तिथि इस न्यायालय में नियत की गई है। यदि इस संबंध में किसी आम या खास व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को बवक्त 10 बजे प्राप्त इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी अपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद की गई कोई आपत्ति समायत नहीं होगी और मामले में एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

दिनांक-29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

प्रबंधक
सिविल जज
नई टिहरी, टिहरी गढवाल

# उक्रांद ने चलाया सहसपुर विस क्षेत्र में सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड क्रांति दल पछुवादून द्वारा सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के बहादुरपुर, राजावाला एवं सेलाकुई क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं, युवाओं एवं पूर्व सैनिकों ने उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की नीतियों एवं उत्तराखंड के जनहित के मुद्दों पर विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि उत्तराखंड क्रान्ति दल केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राज्य आंदोलन की मूल भावना एवं उत्तराखंडियत की पहचान है। प्रदेश के युवाओं, मातृशक्ति, पूर्व सैनिकों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि जनता अब अपने अधिकारों, मूल मुद्दों एवं क्षेत्रीय अस्मिता की लड़ाई को मजबूत नेतृत्व के साथ आगे बढ़ाना चाहती है।

केंद्रीय अध्यक्ष श्री कुकरेती ने कहा कि क्षेत्रीय दल ही उत्तराखंड की वास्तविक आवाज हैं और जनता के सहयोग से उक्रांद राज्य के हक की लड़ाई को और मजबूती देगा। उक्रांद संघर्ष का पर्यायवाची रहा है, संघर्षों व बलिदानों से छीन के लिया है, और अब इस राज्य को संवारने का वक्त है, उत्तराखंड राज्य को सुधारने का वक्त है, प्रदेश में उत्तराखंड क्रान्ति दल की लहर चल रही है, और यह उत्तराखंड राज्य के लिए शुभ संकेत है। कार्यक्रम में केंद्रीय महामंत्री गणेश प्रसाद काला, केंद्रीय संगठन मंत्री खैरवार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुल बेंजवाल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विपिन अंथवाल, निरंजन चौहान, सौरभ उनियाल, पंकज रावत, नीरज सती, सुमित राणा, सपना चौहान, मोहन सिंह रावत, एबल सिंह, देवेंद्र सिंह, रेनू, रेखा राणा, संगीता, विद्या स्वामी, गोदांबरी देवी, सुलोचना देवी, ज्योति चौहान, सरोज भट्ट, सूरज सिंह नेगी, जगदीश सिंह नेगी, श्याम लाल डोभाल, रमेश भट्ट, पी. पी. जुयाल, नरेश कुमार, सुखविंदर सिंह, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन

नई टिहरी। उपतहसील मदननेगी में अपर जिलाधिकारी टिहरी शैलेंद्र नेगी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी विभागीय विकास परक योजनाओं की जानकारी दी, विभागों की ओर से स्टाल लगाकर आमजन को लाभावित किया गया। इस अवसर पर 18 फार्मर रजिस्ट्री की गई साथ ही चालीस जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी प्राप्त आवेदनों को पंजीकृत किया गया जिन पर जल्द कार्यवाही की जाएगी। तहसील दिवस में अधिकांश शिकायतें मौखिक रूप से संबधिंत क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से की गई, जिस पर एडीएम ने विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने और आमजन की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये।

**कार्यालय - भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तराखण्ड, गंगोत्री भवन, कक्ष सं. 16, जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी**

संख्या: 260/भू.खनि.वि. उ.का./ हॉ. प्ला.-राजा जी /2026-27 दिनांक: 02/06/2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मै० राजाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी, ग्राम रूणवासा तहसील डुण्डा, जनपद उत्तरकाशी के पक्ष में ग्राम खट्टूखाल, तहसील डुण्डा जनपद उत्तरकाशी के खसरा संख्या 7329, 7331, 7332, 7333, 7334, 7336, 7337 एवं खसरा संख्या 7338 कुल रक्वा 0.239 है. नाप भूमि पर पूर्व से स्वीकृत/स्थापित 50 टन प्रतिघण्टा क्षमता का हॉटमिक्स प्लान्ट एवं प्लान्ट परिसर में उपखनिज भण्डारण के नवीनीकरण किये जाने हेतु कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, जनपद उत्तरकाशी में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी स्थानीय व्यक्ति/ संस्था/विभाग आदि जो प्रस्तावित प्लान्ट की निर्धारित दूरी के अन्तर्गत आते हों तथा उपरोक्त हॉटमिक्स प्लान्ट एवं प्लान्ट परिसर की स्थापना/संचालन से प्रभावित हों अथवा उन्हे कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्तर्गत कार्यालय जिलाधिकारी अथवा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, गंगोत्री भवन, कक्ष सं० 16. जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

(प्रदीप)
सहायक भूवैज्ञानिक/प्र.जिला खान अधिकारी, उत्तरकाशी

**कार्यालय - भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तराखण्ड, गंगोत्री भवन, कक्ष सं. 16, जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी**

संख्या: 258/भू. खनि.वि. उ.का./ हॉ.प्ला.-शिवा./2026-27 दिनांक: 01.06.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मै. शिवालिक इन्फ्रावेन्चर्स प्रा. लि., 176, रेस कोर्स देहरादून हाल बडकोट जनपद उत्तरकाशी द्वारा ग्राम खनाटी, तहसील बडकोट क्षेत्रान्तर्गत खसरा संख्या 14, 15 एवं खसरा संख्या 17 कुल रकवा 0.153 है. नाप भूमि पर 50 टन प्रतिघण्टा क्षमता का हॉटमिक्स प्लान्ट स्थापित/संचालित किये जाने हेतु कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, जनपद उत्तरकाशी में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी स्थानीय व्यक्ति/ संस्था/विभाग आदि जो प्रस्तावित प्लान्ट की निर्धारित दूरी के अन्तर्गत आते हों तथा उपरोक्त हॉटमिक्स प्लान्ट एवं प्लान्ट परिसर की स्थापना/संचालन से प्रभावित हों अथवा उन्हें कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्तर्गत कार्यालय जिलाधिकारी अथवा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, गंगोत्री भवन, कक्ष सं. 16, जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रदीप
सहायक भूवैज्ञानिक/प्र.जिला खान अधिकारी, उत्तरकाशी

# महिला अपराध की जड़ तक पहुंचना होगा, तभी बदलेगी तस्वीर

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की संयुक्त राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 में 10वीं रैंक हासिल कर डिप्टी एसपी पद पर चयनित हुई उत्तरकाशी की प्रकृति नेगी आज प्रदेश के युवाओं, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। पहाड़ के ग्रामीण परिवेश से निकलकर यह मुकाम हासिल करने वाली प्रकृति अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को देती हैं। प्रस्तुत हैं उनसे हुई खास बातचीत के प्रमुख अंश।



उत्तरकाशी की बेटी प्रकृति नेगी बनीं डिप्टी एसपी, हासिल की 10वीं रैंक

**प्रश्नः-सबसे पहले इस शानदार सफलता के लिए बधाई। डिप्टी एसपी बनने का सफर कैसा रहा?**

प्रकृति नेगीः-बहुत-बहुत धन्यवाद। यह सफर आसान नहीं था। उत्तरकाशी के ग्रामीण क्षेत्र से आने के कारण संसाधन सीमित थे, लेकिन परिवार का सहयोग और लक्ष्य के प्रति समर्पण हमेशा बना रहा। कई चुनौतियां आईं, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। आज जब परिणाम सामने आया है तो लगता है कि मेहनत रंग लाई है।

**प्रश्नः-सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगी?**

प्रकृति नेगीः-सबसे पहला श्रेय मैं अपने माता-पिता को देना चाहूंगी, जिन्होंने हर परिस्थिति में मेरा साथ दिया और मुझ पर भरोसा बनाए रखा। इसके अलावा प्रयाग आईएएस एकेडमी के शिक्षकों का मार्गदर्शन भी मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा। उनकी रणनीति और प्रेरणा ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

**प्रश्नः-डिप्टी एसपी बनने के बाद आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?**

प्रकृति नेगीः-मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना होगा। मैं चाहती हूं कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो ताकि समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सके।

**प्रश्नः-महिला सुरक्षा को लेकर आपका क्या दृष्टिकोण है?**

प्रकृति नेगीः-मेरा मानना है कि महिला सुरक्षा केवल कानून बनाने या कार्रवाई करने तक सीमित नहीं है। हमें महिला अपराधों की जड़ तक पहुंचना होगा। जब तक हम अपराध के मूल कारणों को नहीं समझेंगे, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं है।

**प्रश्नः-महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए?**

प्रकृति नेगीः-महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बेहद जरूरी है। जब महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत होंगी, तब उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इसके साथ ही महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

**प्रश्नः-आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को क्या संदेश देना चाहेंगी?**

प्रकृति नेगीः-सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यदि लक्ष्य स्पष्ट है और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। धैर्य, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं।

**प्रश्नः-भविष्य को लेकर आपका सपना क्या है?**

प्रकृति नेगीः-मैं चाहती हूं कि अपने पद की जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूं। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुछ ऐसा काम करूं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे। मेरा सपना है कि उत्तराखंड की बेटियां खुद को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सक्षम महसूस करें। उत्तरकाशी की पहाड़ियों से निकलकर डिप्टी एसपी बनने तक का सफर तय करने वाली प्रकृति नेगी की कहानी यह साबित करती है कि मजबूत इरादे, कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन के दम पर कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। उनकी सफलता प्रदेश की हजारों बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



# जोशी ने किया उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष महाना से भेंट कर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी से मंगलवार को उनके शासकीय आवास पर उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उनका उत्तराखंड आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पारस्परिक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर दोनों के बीच उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश संबंधित कई अन्य मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

# सीएम से की राजस्थान के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने की शिष्टाचार भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री (स्कूल शिक्षा, पंचायती राज एवं संस्कृत शिक्षा) मदन दिलावर ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान उनके मध्य शिक्षा, पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण, भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, ग्रामीण विकास तथा स्थानीय स्वशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के विषयों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालयी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्यों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान महत्वपूर्ण है। कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा शिक्षा, संस्कृति संरक्षण तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने दोनों राज्यों के मध्य शिक्षा, संस्कृति एवं स्थानीय स्वशासन से जुड़े विषयों पर सहयोग और समन्वय को और मजबूत बनाने पर बल दिया।

# हिंदी समाचार पत्रों के अध्ययन ने खोली पीसीएस की राह

सितारगंज के फराज प्रदेश में छठी रैंक हासिल कर बने डिप्टी कलेक्टर समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहते की तैयारी



**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** उधम सिंह नगर जिले के सितारगंज निवासी फराज मियां ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की पीसीएस-2024 परीक्षा में प्रदेशभर में छठी रैंक हासिल कर डिप्टी कलेक्टर पद प्राप्त किया है। वर्तमान में उत्तराखंड सचिवालय के पर्यटन विभाग में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत फराज ने नौकरी के साथ तैयारी कर यह सफलता हासिल की है।

फराज का कहना है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने नियमित अध्ययन, सही रणनीति और समय प्रबंधन को अपनी सफलता का मूल मंत्र बताया।

फराज ने बताया कि उन्होंने अधिक पुस्तकों के बजाय चुनिंदा और विश्वसनीय पुस्तकों का बार-बार अध्ययन किया। साथ ही उत्तराखंड सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाओं पर विशेष फोकस रखा। राज्य से जुड़े मुद्दों की गहरी समझ विकसित करने के लिए उन्होंने स्थानीय हिंदी समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन किया, जिसका उन्हें परीक्षा में विशेष लाभ मिला। यह फराज की पहली बड़ी सफलता नहीं है। इससे पहले भी वह कई प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने यूकेएसएसएससी की कनिष्ठ सहायक परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 2024 में आयोजित सचिवालय समीक्षा अधिकारी परीक्षा में प्रदेश स्तर पर चौथी रैंक प्राप्त की। वहीं वर्ष 2025 में निर्वाचन आयोग की समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा वह यूकेपीएससी की लोअर पीसीएस परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं, जिसका साक्षात्कार अगले माह प्रस्तावित है। फराज मियां ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) सितारगंज से प्राप्त की। इसके बाद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा से बीएससी और फिर लखनऊ विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हासिल की। अपनी सफलता का श्रेय फराज ने परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन को दिया। उनकी बहन गुड़िया वर्तमान में जीआईसी नैनीताल में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के शैक्षिक माहौल और निरंतर प्रोत्साहन ने उन्हें हर चुनौती का सामना करने की प्रेरणा दी।

# पंचायती राज अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन का विरोध, मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**देहरादून।** प्रांतीय विकास सेवा संगठन उत्तराखण्ड एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज ग्राम्य विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री से मुलाकात कर उत्तराखण्ड पंचायती राज अधिनियम-2016 में प्रस्तावित संशोधन पर अपना पक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र पंचायत सचिव के रूप में खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) की वर्तमान व्यवस्था को यथावत बनाए रखने की मांग की। संगठन का कहना था कि बीडीओ के स्थान पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सचिव बनाए जाने से क्षेत्र पंचायतों की कार्यकुशलता एवं विभागीय समन्वय प्रभावित हो सकता है। पदाधिकारियों ने कहा कि विकास खण्डों के माध्यम से पिछले 75 वर्षों से ग्रामीण विकास एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, इसलिए वर्तमान व्यवस्था में किसी प्रकार का परिवर्तन उचित नहीं होगा। इस अवसर पर प्रांतीय विकास सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भरत चन्द्र भट्ट, महामंत्री मो. असलम सहित विभिन्न जनपदों के विकास अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. रावत ने क्षेत्रवासियों को दी कई विकास योजनाओं की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के खिर्सू एवं पाबौ क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगातें दीं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन, सड़क संपर्क एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाने वाली परियोजनाओं का शुभारंभ किया।




कैबिनेट मंत्री ने श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के उल्ली में 5 लाख की लागत से बनने वाले यात्री प्रतीक्षालय का किया शिलान्यास, 58-22 लाख की लागत से निर्मित थानधार-उल्ली मोटर मार्ग व व्यूप्वाइंट का भी किया लोकार्पण'

डॉ. रावत ने खिर्सू के ग्राम उल्ली में पर्यटकों की सुविधा हेतु 5 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से निर्मित होने वाले यात्री प्रतीक्षालय का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ आगंतुकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

इसके उपरांत उन्होंने पाबौ क्षेत्र में थानधार से उल्ली तक 2 किलोमीटर लंबाई एवं 58.22 लाख रुपये की लागत से निर्मित मोटर मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

डॉ. रावत ने खिर्सू-माण्डाखाल मोटर मार्ग के मध्य बिडोली मोटर मार्ग पर यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्मित व्यूप्वाइंट का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह व्यूप्वाइंट यात्रियों को सुरक्षित विश्राम स्थल उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन करने का अवसर प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य से स्थानीय पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी बल प्राप्त होगा। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के समग्र विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इन जनोपयोगी परियोजनाओं की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों से स्थानीय जनता एवं पर्यटकों को व्यापक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मीना गैरोला, ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी, मातवर सिंह रावत, संपत सिंह रावत, नितिन रावत, विमल नेगी, गेंदालाल, पूनम टम्टा, ग्राम प्रधान किरण देवी सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राव आईएएस एकेडमी के तीन अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की ओर से संयुक्त राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम घोषित किए जाने के बाद राजधानी देहरादून स्थित राव आईएएस एकेडमी में उत्साह का माहौल है। एकेडमी के निदेशक एम.एम. साहिल ने बताया कि संस्थान के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, सुनियोजित रणनीति और विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम के बल पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि काजल सैनी का चयन डिप्टी कलेक्टर, विनय कुमार आर्य का चयन सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) तथा आक्षिता गर्ग का चयन राज्य कर अधिकारी (एसटीओ) पद पर हुआ है। इन सफलताओं से संस्थान में खुशी की लहर है। एम.एम. साहिल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए धैर्य, अनुशासन, निरंतर अध्ययन और सही दिशा में मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। सफल अभ्यर्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार।

पत्रांकः 144/न0प0परि0शिवा0/2026-27 दिनांकः 02-06-2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर क्षेत्रान्तर्गत सर्वसाधारण/समस्त Bulk Waste Generator संस्थानों को सूचित किया जाता है कि Solid Waste Management Rules, 2026 एवं प्रवक्ति नियमों के अनुसार ऐसे संस्थानों/व्यावसायिक सोसाईटी/होटल/अस्पताल/व्यावसायिक प्रतिष्ठान जिनसे प्रतिदिन 100 किलोग्राम अथवा उससे अधिक ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है तथा 20,000 वर्गमीटर भूमि पर फैला हुआ है या 40,000 लीटर प्रतिदिन पानी का उपयोग करता है तो वह "Bulk Waste Generator (BWG)" की श्रेणी में आते हैं।

ऐसी समस्त संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने परिसर से उत्पन्न समस्त ठोस अपशिष्ट (Wet Waste, Dry Waste) का संग्रहण एवं निस्तारण केवल नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर द्वारा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से ही करना सुनिश्यित करें। किसी भी अनधिकृत एजेंसी/व्यक्ति को कूड़ा देना नियम विरुद्ध माना जाएगा। साथ ही सभी Bulk Waste Generator निम्न बिन्दुओं का पालन करना सुनिश्यित करें।

1- स्त्रोत स्तर पर गीला, सूखा, सैनेटरी वेस्ट एवं स्पेशल केयर वेस्ट को अलग-अलग पृथक करें।
2- निर्धारित यूजर शुल्क/चार्ज नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर द्वारा अधिकृत एजेंसी/व्यक्ति को जमा करें।
3- खुले में कूड़ा फेंकने/जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
4- नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
5- Bulk Waste Generator (BWG) संस्थानों को अपना पंजीकरण नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर में कराना अनिवार्य होगा।

उल्लंघन की स्थिति में संबंधित संस्था/व्यक्ति के विरुद्ध Solid Waste Management Rules, 2026 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड उत्तराखण्ड जल संस्थान रूद्रप्रयाग।

पत्रांकः- 792/निविदा/06/2026-27 दिनांकः- 02.06.2026

मुख्य महाप्रबंधक महोदय उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से जनपद रूद्रप्रयाग में निम्नानुसार कार्य हेतु निविदा दिनांक 10.06.2026 को समय 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन समय 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित सदस्यों द्वारा ठेकेदारों एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र प्रत्येक कार्य दिवस पर 10.00 बजे से सांय 4 बजे तक ही विक्रय की जाएंगी तथा निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि दिनांक- 15.06.2026 है।

| क्र. सं. | विकास क्षेत्र | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | जी0एस0 टी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अगस्त्यमुनी | दैवीय आपदा वर्ष 2025-26 में क्षतिग्रस्त तालजामण पेयजल योजना का पुनर्निर्माण कार्य | 32126.00 | 1500.00 | 270.00 | 30 दिन | 'डी' एवं उच्चतर |

शर्तें-
10. निविदा प्रपत्र केवल पंजीकृत ठेकेदारों के वैध पंजीकरण की छाया प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होने पर ही निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही निर्गत किए गए जाएंगे।
11. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि (एफडीआर) मूल रूप में जो अधिशासी अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान के नाम बंधक हो अन्यथा निविदा निरस्त समझी जाएगी।
12. निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर निविदा की वैधता के संबंध में रूपये 1.00 के रसीदी टिकट के साथ हस्ताक्षरित होना अनिवार्य होगा।
13. रूपये 10.00 नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर मेरा विभाग में कोई भी रिश्तेदार कार्यरत नहीं है, निविदा प्रपत्र में लगाना अनिर्य है।
14. एक अथवा निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता के पास सुरक्षित होगा।
15. लिफाफे के ऊपर कार्य/योजना का नाम लिखना अनिवार्य है।
16. निविदादाता द्वारा सम्पादन हेतु अत्यधिक धनराशि न्यूनतम दरें दी जाती है, तो उन्हें दृष्टिगत रखते हुए समिति की संस्तुति के आधार पर जमानत धनराशि के अतिरिक्त नियमानुसार अतिरिक्त प्रेषित जमानत राशि निविदादाता द्वारा विभाग में जमा करनी होगी।
17. कार्यों की मात्रा की घट-बढ़ सकती है।
18. शेष नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में संलग्न हैं।

अधिशासी अभियन्ता
रुद्रप्रयाग

## उत्तराखण्ड राज्य हज समिति

उत्तराखण्ड सरकार

पत्रांक- 154-157/उ0रा0ह0स0/2026-27 दिनांकः 02 जून, 2026

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड राज्य हज समिति, हज हाउस पिरान कलियर के कक्षों/डोरमेट्रियों में ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था को बोर्ड बैठक दिनांक 07 सितम्बर, 2024 में पारित प्रस्ताव द्वारा समाप्त कर किराये पर संचालन किये जाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, के क्रम में उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग के शासनादेश सं0 486/XVII-B-1/ 2025-05(05)/2020 ई-72788 दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 द्वारा दी गयी प्रशासकीय अनुमति उपरान्त हज हाउस के कक्षों, डोरमेट्रियों एवं हॉल का किराये पर संचालन किये जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य हज समिति की बोर्ड बैठक दिनांक 25 मई, 2026 मे लिये गये निर्णय के अनुपालन में हज हाउस, पिरान कलियर के ए0सी0 कक्षों एवं डोरमेट्रियों तथा हॉल गढ़वाल मण्डल विकास निगम की निर्धारित दरों के अनुसार किराये पर दिनांक 02 जून, 2026 से उपलब्ध रहेगा। हज हाउस में ठहरने वाले आगन्तुक हज हाउस, पिरान कलियर में दूरभाष नम्बर 01332-297520 पर भी अपनी बुकिंग कर सकते है।

(मोहम्मद आरिफ)
अधिशासी अधिकारी
उत्तराखण्ड राज्य हज समिति।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ओपनिंग में सूर्यवंशी के साथ कोहली

■ **एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज से 44 रन ज्यादा बनाए**



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। उनके साथ ओपनिंग में उनका जोघेदार विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की रन मशीन विराट कोहली को बनाया गया है।

टीम ऑफ द टूर्नामेंट वैभव सूर्यवंशी :पारियां 16 ( रन 776 ) स्ट्राइक रेट 237.30 औसत 48-50 ( 1ग100/ 5ग50 टीम में चुनने के लिए इससे आसान घ्सला शायद ही कोई और हो सकता था। एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, वैभव सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबा से 44 रन घ्डादा बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 23 पॉइंट बेहतर था और उन्होंने दूसरों के मुकाबले 29 छक्के ज्यादा लगाए। रन और रफ्तार की गिनती तो देख ली, अब घ्रा खेल की क्वालिटी भी देखिए: चैंपियन टीम के खिलाफ 202 रनों का पीछा करते हुए सिर्फ 26 गेंदों पर 78 रन ठोक दिए, सिर्फ 36 गें. दों में शतक जमाया, करो या मरो वाले एक बेहद जरूरी मैच में 221 रनों का पीछा करते हुए 38 गेंदों पर 93 रन बनाए, अपने पहले प्लेऑफ मैच में सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन की तूफानी पारी खेली और फिर क्वालीफायर 2 में जहां एक तरफ लगातार विकेट गिर रहे थे, वहां उन्होंने 47 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। उम्र चाहे जो भी हो और मंच चाहे जितना बड़ा, यह वाकई हैरान कर देने वाला प्रदर्शन है। विराट को. हली: पारियां 16 (रन 675) स्ट्राइक रेट 165-84 औसत 56-25 1ग100/5ग50 उम्र और तघ्र्बे के दूसरे छोर पर खड़े विराट कोहली ने एक बार फिर अपना वही पुराना अंदाघ् दिखाया जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए।

लेकिन इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि उन्होंने अपना एक ऐसा रूप दिखाया जो पहले कभी नहीं देखा गया था: धीमे खेल की जगह उन्होंने तूफानी रफ्तार को चुना, लगभग हर दूसरी गेंद पर बाउंड्री लगाने की कोशिश की और पावरप्ले में विरोधी टीम पर हावी रहे। इस सीजन में जहां पावरप्ले जीतना सबसे अहम था, कोहली ने पहले छह ओवरों में 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौर में 200 से घ्डादा रन बनाने वाले 16 अन्य बल्लेबाघें में से सिर्घ् पांच ही उनसे बेहतर कर पाए। सीजन का आघ्रिी मैच उन्होंने आईपीएल में अपने सबसे तेज अर्धशतक के साथ घ्त्म किया।

वह आईपीएल में 77 बार 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। और हां, वह 37 साल के हैं। इशान किशन (विकेटकीपर) :पारियां 15 ( रन 602) स्ट्राइक रेट 182-42 ( औसत 40-13) 6ग50 द्य कैच/स्टंप 9/1 रजत पाटीदार (कप्तान) : पारियां 15 (रन 501) स्ट्राइक रेट 192.69 (औसत 41-75) 5ग50 हेनरिक क्लासेन पारियां 15 ( रन 624 (स्ट्राइक रेट 160-00 ( औसत 48-00 (6ग50 नीतीश कुमार रेड्डी : मैच 14) रन 302 ( स्ट्राइक रेट 171-59 (विकेट 8 ( इकॉनमी 10-41 क्रुणाल पंड्या : मैच 16 ( रन 226 (स्ट्राइक रेट 145-80) विकेट 14 (इकॉनमी 8-41 सुनील नारायण : मैच 13 (विकेट 15 (इकॉनमी 6-64 ( औसत 22.60 जोफ्रा आर्चर : मैच 16 ( विकेट 25 (इकॉनमी 9.31 (औसत 22-36 भुवनेश्वर कुमार : मैच 16 (विकेट 28 (इकॉनमी 7.95 (औसत 17-89 कगिसो रबाडा : मैच 17 (विकेट 29) इकॉनमी 9-68 ( औसत 21-58 साकिब हुसैन : मैच 11 ( विकेट 15 ( इकॉनमी 9-45 ( औसत 26-46 आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुका, प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद मथुरा।

## श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** भारत के श्रीराम बालाजी और उनके ब्राजीलियाई जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के मेन्स डबल्स क्वार्टर-फाइनल में धमाकेदार एंट्री की।

उन्होंने जर्मनी के छठी वरीयता प्राप्त केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी को हराया। इस साल रौलां गैरो में बिना किसी वरीयता के खेल रहे भारतीय टेनिस खिलाड़ी और मार्सेलो डेमोलिनर की जोड़ी ने, राउंड ऑफ 16 के मैच में जर्मनी के दो ग्रैंड स्लैम विजेताओं को हराने में 1 घंटा 25 मिनट का समय लिया। उन्होंने 7-5, 6-4 से यह उलटफेर भरी जीत हासिल की। जर्मनी की अनुभवी टेनिस जोड़ी पर मिली इस जीत के साथ ही, 36 साल के श्रीराम बालाजी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी की यह जोड़ी पिछले महीने मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतकर पेरिस पहुंची थी। सेमी-फाइनल में जगह बनाने के लिए, भारत-ब्राजील की यह जोड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और फनिलैंड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी से भिड़ेगी। पहले सेट के दूसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद बालाजी और डेमोलिनर पर शुरुआत में ही दबाव आ गया था। हालांकि, उन्होंने अगले ही गेम में विरोधी की सर्विस तोड़कर तुरंत वापसी की। जब सेट 5.5 की बराबरी पर था, तब बालाजी और डेमोलिनर ने 11वें गेम में निर्णायक बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस बचाते हुए पहला सेट 7.5 से जीत लिया।

### खेल विशेष

## अफगानिस्तान टेस्ट के लिए आकिब नबी सहित छह खिलाड़ियों को बुलाया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** आकिब नबी, जो अफगानिस्तान टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए थे, उन छह गेंदबाजों में से एक हैं जो नेट बॉलर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़े हैं। ए गेंदबाज 6 जून से मुल्लांपुर में होने वाले मैच की तैयारी में टीम की मदद करेंगे। चुने गए नेट बॉलर: आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार। नबी के अलावा, इस लिस्ट में दो और तेज गेंदबाज हैं, युवा और प्रभावशाली प्रिस यादव और तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह। प्रिंस, जिन्होंने आईपीएल में तेजी से अपना नाम बनाया है, इस एकमात्र टेस्ट के बाद होने वाले वनडे मैचों के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। स्पिन गेंदबाजों में, ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के पास काफी अनुभव है। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में, उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए 52 मैचों में 181 विकेट लिए हैं। उनके एमपी के साथी खिलाड़ी, जिन्होंने अभी तक घरेलू क्रिकेट में रेड-बॉल (टेस्ट) डेब्यू नहीं किया है।

## श्रीराम फाइनेंस ने पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ साझेदारी की घोषणा की

**बेंगलुरु, वार्ता।** श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने आज पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के साथ प्रेजेंटिग प्रायोजक के रूप में अपनी साझेदारी की घोणा की। इस सहयोग की घोणा श्रीराम फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन उमेश रेवंकर और भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी तथा पीएसबी के संस्थापक पद्मश्री प्रकाश पादुकोण ने बेंगलुरु स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में की। इस साझेदारी के माध्यम से एसएफएल वित्तीय समावेशन और सामुदायिक विकास के जरिए राट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। अब यह प्रतिबद्धता खेल और देशभर की जमीनी स्तर की प्रतिभाओं तक भी विस्तारित होगी। इस सहयोग के तहत भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। इस पहल का उद्देश्य देशभर में विभिन्न आयु वर्गों और उभरते खिलाड़ियों के लिए जमीनी स्तर पर संरचित बैडमिंटन प्रशिक्षण की पहुंच को और मजबूत करना है। साझेदारी की प्रमुख विशोताएं नेमिग राइट्स: भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पाद. ुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। अपैरल स्पॉन्सरशिप: पीएसबी अकादमियों में खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के बीच 2,000 से अधिक ब्रांडेड टी-शर्ट वितरित की जाएंगी।

# भारत के विजय शंकर एलपीएल में डेब्यू के लिए तैयार

■ **वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे**



**कोलंबो, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें कैंडी रॉयल्स ने साइन किया है। वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे, जब फ्रेंचाइजी ने इस टूर्नामेंट के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के लिए अपनी टीमें पूरी कर लीं।

17 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले हुए ड्राफ्ट में, सभी पांचों फेंचाइजी ने जाने-माने इंटरनेशनल सितारों, उभरते हुए विदेशी टैलेंट और श्रीलंका के प्रमुख क्रिकेटरों के मिश्रण से अपनी टीमों को मजबूत किया। इससे लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी सीजन में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है। एलपीएल 2026 ड्राफ्ट में पहली कुल मिलाकर पिक का अधिकार रखने वाली मौजूदा चैंपियन एससी जाफना किंग्स ने श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो को नम्बर 1 पिक के तौर पर चुनकर प्रक्रिया की शुरुआत की। किंग्स ने अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वीस, अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान और नेपाल के लेग-स्पिनर संदीप लामिछाने को शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत किया। ए खिलाड़ी डुनिथ वेलालगे और भानुका राजपक्षे जैसे बड़े नामों के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि फेंचाइजी अपने खिताब का बचाव करना चाहती है और प्रतियोगिता में अपनी सफल दौड़ को आगे बढ़ाना चाहती है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए चर्चा का सबसे बड़ा विाय विजय शंकर की भागीदारी होगी, जिन्होंने 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह अनुभवी ऑलराउंडर कैंडी रॉयल्स की एक मजबूत टीम में शामिल हो रहा है, जिसमें मोईन अली, वानिदु हसरंगा और एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। रॉयल्स ने ड्राफ्ट के जरिए रहमानुल्लाह गुरबाज, डैनियल सैम्स, कुसल परेरा और नुवान तुाारा को शामिल करके अपनी लाइन-अप को और मजबूत किया। दूसरी ओर, कोलंबो कैप्स ने इंटरनेशनल खिलाड़ी मुजीब उर रहमान को शामिल करके अपनी लाइन-अप को मजबूत किया, जो उनके आइकॉन खिलाड़ियों जिमी नीशम, कुसल मेंडिस और कामिदु मेंडिस के पूरक के तौर पर काम करेंगे। दंबुला सिक्सर्स ने अपने साथ महेश थीक्षाना और फजलहक फारूकी जैसे साबित हो चुके मैच-विनर्स को जोड़ा है, साथ ही दिनेश चांदीमल और दुमंथा चमीरा जैसे बड़े नामों को भी शामिल किया है। वहीं, गाले गैलेंट्स ने अपनी टीम को श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन के साथ और मजबूत किया है, ए दोनों नए सीजन से पहले दासुन शनाका और ईशान मलिगा जैसे बड़े नामों के साथ टीम में शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के इस ड्राफ्ट ने अंतर्राट्रीय स्तर पर काफी दिलचस्पी जगाई है, जिसमें 21 देशों के 650 से ज्यादा विदेशी क्रिकेटरों ने चयन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। यह इस बात को दिखाता है कि लंका प्रीमियर लीग की वैश्विक लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी टी 20 प्रतियोगिताओं में से एक के तौर पर उभर रही है। लंका प्रीमियर लीग के छठे संस्करण में एससी जाफना किंग्स, कैंडी रॉयल्स, कोलंबो कैप्स, दंबुला सिक्सर्स और गाले गैलेंट्स की टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। यह टूर्नामेंट 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाएगा, जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 जुलाई, 2026 को होगी और इसका समापन 8 अगस्त, 2026 को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के साथ होगा। ओसाका को हराकर सबालेंका क्वार्टरफाइनल में पेरिस। शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के महिला सिगल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए जापान की नाओमी ओसाका को हराया, जबकि तीन इताल. वी खिलाड़ी पुरा सिगल्स के अंतिम आठ में पहुंच गए।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया

■ **डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया**



**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड पर उनकी मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं।

यह कार्रवाई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य तीसरे व्यक्ति पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट के किसी अन्य उपकरण, जैसे पानी की बोतल) फेंकने से संबंधित है। यह घटना पहली पारी के 10वें ओवर में हुई, जब एक विकेट गिरने के बाद, डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की दिशा में आक्रामक तरीके से एक आइस बैग फेंका। डेविड ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी, जवागल श्रीनाथ द्वारा लगाए गए दंड को मान लिया। यह इस सीजन में डेविड का तीसरा लेवल 1 का अपराध था( उन्होंने अपना पहला अपराध मैच 20 (एक डिमेरिट पॉइंट) में और दूसरा अपराध मैच 54 (दो डिमेरिट पॉइंट) में किया था।

# रजत पाटीदार का सामना माधव तिवारी से

**इंदौर, वार्ता।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजनों में से एक आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिधिया कप के नए सीजन का इंतजार अब लगभग खत्म हो चुका है। 3 जून से ऐतिहासिक होलकर स्टेडियम में शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इंदौर में उत्साह का माहौल है। राज्य भर की शीर्ा क्रिकेट प्रतिभाएं आने वाले हफ्तों में रोमांचक मुकाबलों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में अनुभवी ग्वालियर चीताज का सामना नई टीम उज्जैन फाल्कन्स से होगा। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगी, ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भरपूर मुकाबले की उम्मीद है। ग्वालियर चीताज को दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान रजत पाटीदार की मौजूदगी से मजबूती मिलेगी, जबकि उज्जैन फाल्कन्स के पास युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर माधव तिवारी होंगे, जिन्होंने आईपीएल 2026 में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्वालियर चीताज के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान में उज्जैन फाल्कन्स से जुड़े सुनील धोलपुरे ने मध्य प्रदेश लीग को युवा क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा, एमपीएल ने युवा क्रिकेटरों के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है। पहले खिलाड़ियों को क्लब क्रिकेट, जिला टूर्नामेंट, संभागीय प्रतियोगिताओं और राज्य स्तरीय कैंपों से होकर गुजरना पड़ता था, तब जाकर उन्हें पहचान मिलती थी। एमपीएल ने इस प्रक्रिया को बदल दिया है और खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है, जहां वे दबाव की परिस्थितियों में चयनकर्ताओं, स्काउट्स और फेंच. इजी टीमों के सामने अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खुद को साबित करने और अपने क्रिकेट करियर को नई दिशा देने का अवसर देती है। उन्होंने आगे कहा कि, हम अपनी टीम में माधव तिवारी जैसे खिलाड़ी को पाकर बेहद खुश हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और कम उम्र में ही अपनी शानदार क्षमता का परिचय दिया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह एमपीएल में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखेंगे और इस सीजन टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# साईराज बहुतुले भारतीय टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हुए

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले, न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले, पुरुाों की टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हो गए हैं। 53 साल के बहुतुले व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे।

बहुतुले का सबसे हालिया कार्यकाल आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के साथ था, जहां उन्होंने स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर काम किया था। इससे पहले, वह केरल और बंगाल की पुरुाों की टीमों के साथ भी रह चुके हैं। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में शामिल होने से पहले, 2018 से 2021 तक वह राजस्थान रॉयल्स के सपोर्ट स्टाफ का भी हिस्सा थे। जब राहुल द्रविड़ हेड कोच थे, तब उन्होंने इंडिया 'ए' के असाइनमेंट और भारत की कुछ सीरीज के लिए सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम किया था, इसके बाद आईपीएल 2025 में वह एक और साल के लिए आरआर के साथ जुड़ गए थे। बहुतुले का इंटरनेशनल करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा, उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों के दौरान,



उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा: लगभग 20 साल लंबे अपने करियर में, उन्होंने 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और 143 लिस्ट 'ए' मैचों में अपनी लेग-स्पिन गेंदबाजी से 197 विकेट लिए। बहुतुले भारत के उस सपोर्ट स्टाफ में शामिल होंगे, जिसमें अभी कोई स्पिन-बॉलिंग कोच मौजूद नहीं है।

# सोबो मुंबई फाल्कन्स की टी-20 मुंबई महिला लीग में पहली ऐतिहासिक जीत

■ **भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया**

**मुंबई, वार्ता।** मंगलवार को मुंबई क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया, जब वानखेड़े स्टेडियम में पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग शुरू हुई।

भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया, उनकी टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ठाणे स्काई राइजर्स को 16 रनों से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। 174 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओपनर मानसी पाटिल (46) ने लगातार अंतराल पर अपने साथियों के विकेट गिरने के बावजूद ठाणे स्काई राइजर्स के लिए जीत की उम्मीदें बनाए रखीं। महक पोकर (23, रिटायर्ड हर्ट) और साइमा ठाकोर (29) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं, वहीं, सतघरे की शानदार अगुवाई में फाल्कन्स के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के आखिरी पलों में, विकेटकीपर खुशी भाटिया ने सिर्फ 16 गेंदों में 28 रनों की जुझारू पारी खेली और गेंद को जोरदार तरीके से हिट करते हुए ठाणे की उम्मीदों को जिदा रखा। हालांकि, 19वें ओवर में उनके आउट होते ही स्काई राइजर्स की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं और मैच पूरी तरह से फाल्कन्स के पक्ष में चला गया। इससे पहले, ठाणे स्काई राइजर्स कप्तान साइमा ठाकोर की शानदार शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। साइमा ने टूर्नामेंट की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर इतिहास रचा था और उसी ओवर में एक और विकेट भी चटकाया था। नौ कैच छूटने की गलतियों का फायदा उठाते हुए, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने हली गाला (45 नाबाद) की तूफानी पारी की बदौलत मैच में वापसी की( उन्हें रिया चौधरी (43), सिमरन शेख (30) और सारिका कोली (26) का भी अहम सहयोग मिला, जिसकी बदौलत टीम ने 20 ओव. रों में 173/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सोमवार को खेले गए पुरुाों के टूर्नामेंट के पहले दिन, आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच 'सुपर ओवर' में जाकर तय हुआ, जिसमें सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली रॉयल्स टीम ने बाजी मारी। जब दोनों टीमों ने अपने-अपने 20 ओवरों के आखिर में एक जैसा 165 का स्कोर बनाया, तो मैच सुपर ओवर में चला गया।

### बीएसएम लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन

# अधिवक्ता ममतेश शर्मा ने छात्रों को सिखाई कानून की बारीकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम. लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी.एस.एम. लॉ कॉलेज, रुड़की के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा न्यायालयीन कार्यवाही का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बी.एस.एम. शिक्षण संस्थान, रुड़की के माननीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता ममतेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। न्यायाधीश की भूमिका निभा रहे अध्यक्ष ममतेता शर्मा एडवोकेट ने छात्र-छात्राओं को विधि व्यवसाय में व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विधि के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के विभिन्न उपायों पर उनका मार्गदर्शन किया। साथ ही बी.एस. एम. शिक्षण संस्थान, रुड़की के सचिव रजनीश कुमार शर्मा ने भी विधि की बारीकियों को समझाते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष के रूप में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के ज्ञान, शोध तथा प्रस्तुतीकरण की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं को मूट कोर्ट जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। मूट कोर्ट में निम्न छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें सानिया शमीम, शफक अजीम, आयुषी सैनी, फरहीन, कु. प्रतिभा, कु. भारती, चारु शर्मा, साकिब, मो. मुजम्मिल, अरुण कुमार तथा राहुल गौतम ने मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर अधिवक्ता भानु प्रताप गौतम, संजीव कुमार शर्मा, डॉ. ममता जोशी (प्राचार्या, बी.एस.एम. बी.एड. कॉलेज), डॉ. शिखा जैन (प्राचार्या, बी.एस.एम. पी.जी. कॉलेज), श्री अजय कौशिक (प्रधानाचार्य, बी.एस.एम. इंटर कॉलेज), अधिवक्ता विनय कुमार शर्मा, श्री विकास धीमान, श्री शहजाद अली, कु. नमिता रावत, श्रीमती नेहा गर्ग, दिनेश कुमार, कु. साक्षी गोस्वामी, मिल्टन कुमार, श्रीमती मेघांशा सरोही, पुस्तकालयाध्यक्ष संजय चौबे एवं समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# शादी के महज चार दिन पहले युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

## शादी की खुशियां गम में बदली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा अंतर्गत शादी के महज चार दिन पहले एक 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा झबरेडा की मोहल्ला नूर बस्ती निवासी मुरसलीन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री की शादी 3 जून को होनी तय हुई थी। परिवार मे शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच बीते शुक्रवार 29 मई को दोपहर करीब 3 बजे युवती अचानक घर से कहीं चली गई। जब वह जुमे की नमाज पढ़कर दोपहर करीब 3 बजे घर लौटे, तो बेटी गायब थी। काफी खोजबीन करने और रिश्तेदारों के यहाँ पता करने के बाद भी जब उसका कुछ सुराग नहीं लगा, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। पिता का आरोप है कि जांच-पड़ताल करने पर उन्हें पता चला कि खजूरी गांव कोतवाली झबरेड़ा का रहने वाला साहिल उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। बताया गया है कि साहिल को पहले भी लड़की के सिलसिले में घर के आसपास मंडराते देखा गया था, जिस पर परिजनों ने उसे चेतावनी देकर समझाया भी था। पीड़ित पिता मुरसलीन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए युवती और आरोपित युवक की तलाश में जुट गई है।

# पुलिस ने ढाई किलो गांजे के साथ एक नशा तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने एक आरोपी को 2.416 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की बाजार कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मुकर्रबपुर में सरकारी स्कूल के पास से एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.416 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मुन्तियाज निवासी धरमपुर सरावगी पोस्ट अंबोली थाना देवबंद सहारनपुर (हाल निवासी मुकर्रबपुर कलियर) बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अधिक मुनाफा कमाने के लालच में रुड़की से गांजा लाकर कलियर क्षेत्र में बाबा के भेष में रहने वाले लोगों और नशे के आदी व्यक्तियों को छोटी-छोटी मात्रा में ऊंचे दाम पर बेचता था। टीम में प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी, उपनिरीक्षक विनोद कुमार गोला, हेड कांस्टेबल सोनू कुमार, कांस्टेबल इसरार और होमगार्ड अंकित कुमार शामिल रहे।

# झबरेड़ा की काजल सैनी बनी डिप्टी कलेक्टर

## सादोली में उनके घर लोगों का बधाई देने को लगा रहा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ ही दूर गुरुकुल मार्ग पर स्थित ग्राम सादोली की काजल सैनी एसडीएम बनने पर गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई तथा शुभकामनाएं देने वालों का मंगलवार को ग्राम साडौली में स्थित काजल के घर पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। काजल सैनी बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है।

ग्राम सादोली निवासी काजल सैनी जो वर्तमान में देहरादून में सहायक समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात है एसडीएम बनने से परिवार गांव तथा क्षेत्र वाशी काफी खुश है। काजल सैनी के पिता रामकुमार सैनी गांव में ही रहकर डॉक्टरी करते हैं तथा माता आंगनवाड़ी कार्यकत्रि है। इसका एक भाई गुरमीत सिंह अभी शिक्षा ग्रहण कर रहा है। इनके यहां दो एकड़ कृषि भूमि भी है जिसमें रामकुमार सैनी खेती बाड़ी करते हैं। काजल सैनी ने कक्षा 6 से ही राजीव गांधी नवोदय विद्यालय शिकारपुर लंढौरा से शिक्षा ग्रहण की इसके बाद बीएएमएस की शिक्षा गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार से पूरी की थी। वर्तमान में यह देहरादून में सहायक समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। काजल सैनी का कहना है कि उसका सपना काफी समय से था कि वह एसडीएम बनकर समाज व देश की सेवा करें। वह लगातार 9 साल से इसकी तैयारी कर रही थी। दूसरे प्रयास में ही भगवान ने उसकी सुन ली इसका पूरा श्रेय अपने माता-पिता



को देती है जिन्होंने उसका हमेशा हौसला बढ़ाया तथा किसी भी चीज की कोई कमी नहीं आने दी। वह लगातार नो वर्षों से घर पर रहकर तथा जहां भी वह रही इसकी तैयारी करती रही। वहीं कस्बे के पास ग्राम झबरेडी कला की बेटी स्वाती चौधरी पुत्री केहर सिंह के भी खंड शिक्षा अधिकारी बनने पर उसे भी गांव तथा क्षेत्र के लोगों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। मंगलवारको सुबह से ही क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियो तथा क्षेत्रीय लोगों द्वारा उक्त दोनों बेटियों को बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा।

# हत्या के प्रयास मामले में वांछित को पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एसएसपी हरिद्वार के नेतृत्व पर अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी के तहत मंगलौर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार मंगलौर पुलिस द्वारा अभियोग में शेष वांछितों की तलाश एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। दिनांक 29.03.2026 को वादी अनीश निवासी ग्राम बिझोली, कोतवाली मंगलौर द्वारा नामजद 06 अभियुक्तों एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा भी बढ़ाई गई। मामले में वांछितों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। आरोपी शातिर प्रवृत्ति का होने के कारण लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने आज वांछित सुलेमान पुत्र रशीद निवासी ग्राम बिझोली, कोतवाली मंगलौर को दबोचा गया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है, शेष की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम दबिश दे रही है। नाम पता आरोपी-सुलेमान पुत्र रशीद निवासी ग्राम बिझोली, कोतवाली मंगलौर बताया गया है।

# लक्सर में कर्मचारियों दी एसआईआर की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर ब्लॉक सभागार में आज एसआईआर के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के सभी संबंधित बीएलओ लक्सर व खानपुर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर आयुक्त रुड़की राकेश चंद्र तिवारी ने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि (टाइम बाउंड) के भीतर पूरी ईमानदारी और सही तरीके से अपना काम निपटाने के कड़े निर्देश दिए हैं।हर घर पर तीन बार जाना अनिवार्य रुड़की नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी उप जिलाधिकारी लक्सर अनिल शुक्ला सुभाष त्यागी प्रधानाचार्य मुंडा खेड़ा कला ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सभी बीएलओ के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे सर्वे या जांच के दौरान प्रत्येक घर पर कम से कम तीन बार जरूर जाएं। उन्होंने कहा:सभी बीएलओ हर घर पर तीन बार जरूर जाएं ताकि बाद में कोई भी नागरिक यह शिकायत न कर सके कि उनके घर पर कोई संबंधित कर्मचारी नहीं आया थाअभद्र व्यवहार करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई नगर आयुक्त रुड़की ने आम जनता से भी अपील की है कि वे इस कार्य में बीएलओ का पूरा सहयोग करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा ड्यूटी पर तैनात बीएलओ के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार या बदतमीजी की गई, तो उस व्यक्ति



के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समय सीमा और सटीकता पर जोरबैठक में मौजूद सभी बीएलओ को कार्य की बारीकियों से अवगत कराया गया है। सरकार द्वारा इस कार्य के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की गई है, और उसी टाइम बाउंड के अंदर एस आई आर का काम पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद अहम और संवेदनशील कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोई त्रुटि गलती नहीं होनी चाहिए। प्रशासन ने जनता से भी इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है सभी बीएलओ को एस आई आर के फॉर्म वितरण किए गए।

# ट्यूबवेल से मोटर व तार चोरी, न्यायालय के आदेश पर एक साल बाद मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम में एक बुजुर्ग किसान की ट्यूबवेल से अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर विद्युत मोटर और मीटर से तांबे के तार चोरी कर लिए। पीड़ित किसान द्वारा स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है। न्यायालय के आदेश पर अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ग्राम शेरपुर खेलमऊ निवासी 81 वर्षीय बुजुर्ग किसान महेश चन्द के खेत पर बीते वर्ष 18 जून 2025 की रात को अज्ञात चोरों ने ट्यूबवेल के कमरे की दीवार तोड़कर सेंध लगाई। चोरों ने वहाँ लगे 7.5 हॉर्स पावर के विद्युत मीटर और मोटर को उखाड़कर उसमें से कीमती तांबे के तार निकाल लिए और मोटर का खाली खोखा वहीं छोड़ कर फरार हो गए। घटना का पता अगली सुबह ही वे चोरी की लिखित तहरीर लेकर थाना झबरेड़ा पहुँचे थे। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी हर तरफ से निराश होकर पीड़ित बुजुर्ग किसान ने न्यायालय रुड़की के समक्ष भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत गुहार लगाई। पीड़ित ने न्यायालय से झबरेड़ा पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश देने की प्रार्थना की थी। न्यायालय के सख्त रुख के बाद,2 जून 2026 को कोतवाली झबरेड़ा में पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ आधिकारिक तौर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक जांच शुरू कर दी गई है।

# लक्सर तहसील दिवस : 38 में से 7 का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया है तहसीलदार ने लोगों की जन समस्याएं सुनी है। 38 शिकायतों में सात शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है।

तहसीलदार लक्सर दीवान सिंह राणा ने बताया कि आज लक्सर में तहसील दिवस में कुल 38 शिकायत आई है जिनमे सात शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है और बाकी बची हुई शिकायत संबंधित अधिकारी को निस्तारण के लिए भेज दी गई है। उन्होंने कहा कुछ शिकायत पैमाइश की आई है कुछ नाला सफाई के लिए कुछ अन्य शिकायत जो आई है उनका निस्तारण करने के लिए सभी कर्मचारी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो संबंधित विभाग का कर्मचारी बगैर कुछ बताया नहीं आया है उनकी जांच कर कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# टेंडर प्रक्रिया पर उठे सवाल, सीएम से जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार के रुड़की क्षेत्र में कृषि बीज भंडार को लेकर जारी टेंडर प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिस भवन के ध्वस्तीकरण के लिए निविदा जारी की गई थी, उसे टेंडर की निर्धारित तिथि से पहले ही ध्वस्त कर दिया गया। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की ओर से कृषि बीज भंडार के ध्वस्तीकरण हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार निविदा खोलने की निर्धारित तिथि 2 जून 2026 थी, लेकिन आरोप है कि संबंधित भवन को 31 मई और 1 जून को ही ध्वस्त कर दिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि भवन से निकले पुराने सरिया, लकड़ी और अन्य सामग्री को कथित रूप से कबाड़ी को बेच दिया गया, जिससे राज्य को आर्थिक नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई के कारण इच्छुक ठेकेदारों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर भी नहीं मिल पाया। शिकायतकर्ता कुलदीप सैनी ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने, दोषी अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सरकारी संपत्ति की कथित क्षति की भरपाई संबंधित लोगों के वेतन से कराने की मांग की है।शिकायत के साथ समाचार पत्र में प्रकाशित खबर और मौके की वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने का भी दावा किया गया है। अब देखना होगा कि शासन स्तर पर इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराई जाती है या नहीं।

# नाबालिग किशोरी से उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ उत्पीडन करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा निवासी कोतवाली भगवानपुर द्वारा दिनांक 31/05/2026 को कोतवाली भगवानपुर में तहरीर देकर अंकित कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ मांगेराम नामक व्यक्ति ने बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर लैगिंग उत्पीडन किया है। शिकायत के आधार पर बीएनएस व 5(I)(उ)/6 पोक्सो अधि0 पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा उपरोक्त घटना में शामिल आरोपी की अतिशीघ्र गिरफ्तारी किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये। गठित पुलिस टीम ने आरोपी मांगेराम को गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री खुशी रानी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने खुशी रानी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद उसके किसी अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**इलम सिंह पुत्र मामराज सिंह**
**नि. कुआं खेड़ा थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार**

### केएलडीएवी में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैम्प का समापन

# प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कन्हैयालाल डी.ए.वी. माध्यमिक विद्यालय, रुड़की में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 27 मई से 02 जून 2026 तक आयोजित सात दिवसीय ष्भारतीय भाषा समर कैम्प का समापन हुआ।

जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ष्इस समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में भारतीय भाषाओं, संस्कृति, इतिहास एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना था। बच्चों ने जिस उत्साह से भाग लिया, वह सराहनीय है। कैम्प के दौरान छात्रों को कहानी वाचन, कठपुतली शो, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक खेल कंचे-गिल्ली डंडा, मानचित्र कौशल, अंताक्षरी एवं क्विज जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। सप्तम दिवस पर भाषा आधारित खेल एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किए गए । कैम्प में सहभागिता करने वाले लगभग 20 छात्र-छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन



करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके राय सभी शिक्षकों व विद्यालय के स्टाफ का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राजेश कुमार वर्मा, श्री राकेश कुमार वर्मा, शिव कुमार, सुनील कुमार, कु. मिनाक्षी रावत, श्रीमती शालिनी, सूरज प्रताप सिंह तोमर, व भोजन माताएँ श्रीमती रुचि एवं श्रीमती रमा उपस्थित रहे।

# ढंडेरा में अतिक्रमण पर कार्रवाई, 7 दुकानदारों के चालान, अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ढंडेरा में मंगलवार को नगर पंचायत ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को चेताने के साथ ही चालान भी किए गए। पॉलिथीन को लेकर भी टीम ने दुकानदारों पर कार्रवाई की। साथ ही नागरिकों से पॉलिथीन का तिरस्कार करने और कपड़े के थैले का प्रयोग करने का आह्वान किया गया।

चेयरमैन सतीश नेगी और अधिशासी अधिकारी विरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सोमवार शाम नगर पंचायत टीम ने लक्सर रोड़ पर फैले अतिक्रमण को हटवाने के लिए अभियान शुरू किया। ढंडेरा फाटक से लेकर टीम ने पेट्रोल पम्प तक अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर रखें सामान को हटवाने के साथ ही टीम ने दुकानदारों को आगे बड़ी कार्रवाई को लेकर चेताया। घंटों तक टीम अतिक्रमण हटाओ अभियान में जुटी रही, जिसे लेकर दुकानदारों में भी हड़कम्प मचा रहा। अभियान के दौरान टीम ने पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की। लगातार दूसरे दिन नगर पंचायत की ओर से अतिक्रमण और पॉलिथीन को लेकर अभियान चलाया गया। चेयरमैन सतीश नेगी ने बताया कि लक्सर रोड़ पर हर समय ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। शाम के समय भीड़ अधिक बढ़ जाती है। सड़क पर अतिक्रमण




के चलते जाम और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे देखते हुए नगर पंचायत की ओर से अभियान चलाया गया है। कर्मचारियों की मांग पर वह भी खुद अभियान में शामिल रहे। फिलहाल कुछ के चालान किए गए हैं, लेकिन अगर अतिक्रमणकारी नहीं मानते हैं तो फिर कोर्ट के भारी जुर्माने के चालान किए जाएंगे। उनकी ओर से नागरिकों से भी पॉलिथीन के बहिष्कार और सामान के लिए घर से थैला लेकर आने की अपील की गई।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# फिर बढ़ेगी महंगाई

केंद्र सरकार महंगाई रोकने में लगातार विफल होती आ रही है, जिसका असर आम आदमी पर हो रहा है, लेकिन अभी पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि होने वाली है, जिसके कारण आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है, जिससे अब लोगों की जेबें और खाली हो जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह सब कुछ अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण है, लेकिन जनता का मानना है कि यह सब कुछ सरकारी दावे हैं, जिसके सापेक्ष देश में महंगाई नहीं बढ़नी चाहिए थी। सरकार ने पिछले महीने में तीन बार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए, जिसके कारण देश के लोगों ने अपने वाहन न निकालकर अन्य साधनों का प्रयोग शुरू कर दिया है। परंतु एक रिपोर्ट में फिर से पेट्रोलिय पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है, जो लोगों को परेशान करने वाली होगी। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं, तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल का कहना है कि इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं, तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कि ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है। इससे माल ढुलाई महंगी हो जाएगी और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। देश में करीब 71 प्रतिशत माल ढुलाई सड़क मार्ग के जरिये ही होती है। ढुलाई लागत बढ़ने से दूधा, फल, दालें, चाय-काफी, मसाले, अंडे, मांस और मछली जैसे खाद्य उत्पादों की कीमतों में तेजी आ सकती है, क्योंकि ये बड़े पैमाने पर परिवहन नेटवर्क पर निर्भर हैं। कपड़ा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, लकड़ी उत्पाद, सीमेंट और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में भी लागत बढ़ेगी।रसायन, कोयला और धातु क्षेत्र भी महंगाई की चपेट में आएंगे। ऐसी स्थिति में कंपनियां लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं या उत्पाद की मात्रा में कटौती कर सकती हैं। सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में की गई कटौती से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऊंची ऊर्जा लागत के असर को यह पूरी तरह संतुलित नहीं कर पाएगी। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में कच्चे तेल की औसत कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल रही है, जो पूरे वर्ष के अनुमान 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है।

## सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती



बदमाशों द्वारा मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है, अत्यंत दु:खद और चिंताजनक इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी, अनुष्का की आखिरी गति. विधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं, इस तरह के घटनाक्रम न केवल पुलिस- प्रशासन के लिए चेतावनी होते हैं, अपितु सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती के समान हैं।

-सुश्री मायावती
अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी


## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था





योगेश कुमार गोयल

**जब छात्र यह मानने लगें कि सफलता मेहनत से नहीं बल्कि 'सेटिंग' से मिलती है तो यह केवल शिक्षा का नहीं बल्कि सामाजिक नैतिकता का भी पतन है। अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? क्या हर बार जांच, गिरफ्तारी और बयानबाजी से काम चल जाएगा? स्पष्ट है कि नहीं। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में पूर्ण डिजिटल और एन्क्रिप्टेड मॉडल लागू करना होगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा से कुछ मिनट पहले तक सुरक्षित सर्वर में रखा जाए और सीधे केंद्रों पर डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाए। इससे छपाई और परिवहन से जुड़ी कमजोरियां समाप्त होंगी।**

भारत में परीक्षा अब केवल योग्यता का आकलन नहीं रह गई है, बल्कि यह करोड़ों सपनों की निर्णायक कसौटी बन चुकी है लेकिन जब यही कसौटी बार-बार संदिग्ध हो जाए, जब मेहनत और ईमानदारी की जगह 'जुगाड़' और 'माफिया नेटवर्क' हावी हो जाएं, तब यह केवल परीक्षा का संकट नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संकट बन जाता है।

पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, यह घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए, तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, यह सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है। भारत की परीक्षा प्रणाली का ढ़ांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रूपए का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है। यदि नीट प्रकरण परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है तो सीबीएसई का ओएसएम विवाद मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर चोट करता है। डिजिटल मूल्यांकन को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया था लेकिन इसके परिणाम उलटे दिखाई दिए। पास प्रतिशत में गिरावट, मेधावी छात्रों को अपेक्षा से कम अंक मिलना और स्कैन की गई कॉपियों में भारी गड़बड़ियां, यह सब इस बात के संकेत हैं कि तकनीक को बिना पर्याप्त तैयारी और परीक्षण के लागू किया गया। कई छात्रों ने शिकायत की कि उनकी कॉपियां धुंधली थी, कुछ को गलत उत्तर पुस्तिकाएं मिली और कुछ मामलों में तो पूरी कॉपी ही किसी और की थी। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं मानी जा सकती बल्कि यह सरासर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि एक छात्र की मेहनत को किसी दूसरे की कॉपी से बदल दिया जाए तो यह केवल गलती नहीं है बल्कि उस छात्र के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड भले ही इन खामियों को सीमित मामलों तक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन छात्रों में बढ़ता असंतोष इस बात का प्रमाण है कि समस्या व्यापक है। तीसरी बड़ी घटना, एसएससी कांस्टेबल जीडी परीक्षा में धांधली, इस बात को और स्पष्ट करती है कि यह संकट किसी एक परीक्षा या संस्था तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक, तकनीकी खराबी और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ग्रेटर नोएडा में यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए रैकेट ने इस धांधली के आधुनिक रूप को उजागर किया। प्रॉक्सी सर्वर, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स और डमी कैंडिडेट्स के जरिए परीक्षा में हेरफेर किया जा रहा था। यह पारंपरिक नकल या पेपर लीक से कहीं अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी प्रणाली को भीतर से हैक किया जा रहा है। इन तीनों घटनाओं को एक साथ देखें तो एक भयावह तस्वीर उभरती है, एक ऐसी व्यवस्था, जहां प्रश्नपत्र सुरक्षित नहीं, मूल्यांकन विश्वसनीय नहीं और परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। सबसे अधिक पीड़ित वह छात्र है, जो ईमानदारी से मेहनत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र, जिनके माता-पिता ने कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रखकर उन्हें कोचिंग दिलाई, आज सबसे ज्यादा निराश हैं। एक परीक्षा रद्द होने का मतलब केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता बल्कि यह मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और आत्मविश्वास के टूटने का कारण बनता है। इस पूरे संकट का एक और खतरनाक पहलू है व्यवस्था के प्रति बढ़ता अविश्वास।

# आर्थिक संकट की चुनौतियों का सामना करता प्रिंट मीडिया

**प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है।**



शिबली रामपुरी

प्रिंट मीडिया आज आर्थिक संकट के दौर से बुरी तरह से गुजर रहा है और अब प्रिंट मीडिया में काम करने वाले बहुत सारे तजुर्बेकर पत्रकारों की नौकरी जा चुकी है और कुछ की नौकरी कभी भी जा सकती है क्योंकि अब प्रिंट मीडिया में चाहे कोई अखबार छोटा हो या बड़ा हो हर किसी के सामने आर्थिक तौर पर एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। इस संकट से अगर कोई प्रिंट मीडिया को निकाल सकता है तो वह है हमारी सरकार।


जब तक सरकार प्रिंट मीडिया पर गंभीरता से ध्यान नहीं देगी तब तक प्रिंट मीडिया की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों के सामने रोजी रोटी का ऐसा संकट खड़ा है कि अधि. कतर पत्रकार भारी परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। प्रिंट मीडिया में अंग्रेजी से लेकर हिंदी और उर्दू तीनों शामिल हैं और सबसे अधिक परेशानी हिंदी और उर्दू प्रिंट मीडिया के सामने खड़ी हो चुकी है। उर्दू अखबारों में तो अब चंद ही अखबार ऐसे हैं जो नियमित प्रकाशित हो रहे हैं अधिकतर समाचार पत्र आर्थिक संकट से खुद को बाहर निकालने में असफल रहे और आखिरकार वो अखबार बंद हो चुके हैं और उनसे जुड़े पत्रकारों की आर्थिक स्थिति का आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अखबार बंद होने के बाद उन पत्रकारों को अपना घर परिवार चलाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। प्रिंट मीडिया के दौर में अंग्रेजी अखबारों की स्थिति अभी तक फिर भी कुछ सही मानी जा सकती है लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि अंग्रेजी प्रिंट मीडिया की स्थिति पहले जैसी तो बिल्कुल नहीं रही है वरना अंग्रेजी मीडिया का एक सुनहरा दौर हुआ करता था, लेकिन अब उसमें काफी कमी आ चुकी है। प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है क्योंकि प्रिंट मीडिया का अधि. कतर दारोमदार सरकार की नीतियों पर है और सरकार को नीतियों को आसान बनाने की जरूरत है। आपने देखा होगा कि किस तरह से प्रिंट मीडिया से नौकरी जाने के बाद कई पत्रकारों ने यूट्यूब चैनल पर काम करना शुरू कर दिया और वहां पर भी काफी संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उनको डिजिटल मीडिया का इतना अनुभव नहीं है तो उनके सामने यहां भी काफी चुनौतियां हैं हालांकि



कुछ पत्रकार डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी अच्छा काम भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे पत्रकारों की गिनती काफी कम है। ऐसे हालात को देखते हुए अब केंद्र सरकार से ही प्रिंट मीडिया को उम्मीद रह जाती है कि केंद्र सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि जिससे प्रिंट मीडिया का वजूद खतरे में ना पड़े और प्रिंट मीडिया का वह सुनहरा दौर फिर से लौट आए कि जब प्रिंट मीडिया भी आकर्षण का एक केंद्र ना सिर्फ हुआ करता था बल्कि इसमें रोजगार के बहुत सारे अवसर भी पर्याप्त होते थे। युवाओं की एक बड़ी आबादी पढ़ लिखकर प्रिंट मीडिया में जाना चाहती थी और अपना भविष्य उज्जवल बनाने का एक बेहतरीन माध्यम प्रिंट मीडिया माना जाता था मगर बदलते वक्त के साथ अब सब कुछ बदल चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पेपर लीक की आड़ में डिजिटल शिक्षा पर 'दो कौड़ी' का तंज





**यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।**



प्रो. आर.के. जैन

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेजी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं और उन्हें दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया। उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुंचाया, जिनकी पहुंच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है। जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुंची। जहां कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रूपए तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है। हालांकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में दो कौड़ी जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को फ्रॉड या दो कौड़ी का कहना उचित नहीं। शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्ईकरण की मिसाल प्रतीत होता है। वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। दो कौड़ी के गुरु जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात हैय ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव हैय इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी बैलेस्टिक मिसाइलों से दहल उठा कीव

## 13 की मौत, यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से नौ लोग निप्रो में और चार राजधानी कीव में मारे गए। यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक है। बीबीसी के अनुसार, रात भर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

आपातकालीन दल कीव में मलबे के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तेजी से काम कर रहा है। मंगलवार तड़के यूक्रेन के अधिकतर हिस्सों में हवाई हमले के अलर्ट जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को राजधानी कीव के केंद्र से धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए, जहां सैन्य प्रशासन प्रमुख ने बैलिस्टिक



■ रातभर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं: बीबीसी

मिसाइलें दागे जाने की चेतावनी दी। वहीं, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने निवासियों से शेल्टरों में ही रहने का आग्रह किया। सुबह-सुबह हुए इन हमलों के दौरान एक के बाद एक दर्जन से अधिक तेज विस्फोटों की आवाजों के बीच ड्रोनों की गूंज सुनी जा सकती थी। मेयर क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले के कारण एक पेट्रोल पंप, एक निर्माण स्थल, कई अपार्टमेंट ब्लॉकों और दो घरों के पास आग लग गई। पूरे शहर में बिजली गुल होने की भी रिपोर्टें हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस कार्रवाई को यूक्रेन के पिछले हमलों का जवाब बताते हुए एक बयान में कहा कि इस 'हमले के सभी उद्देश्य' पूरे कर लिए गए हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्से में एक छात्र छात्रावास पर हुए घातक हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराते हुए रूस ने 'व्यवस्थित हमला' शुरू करने की चेतावनी दी थी। वहीं, यूक्रेन का कहना था कि उसने रूस की एक सैन्य इकाई को निशाना बनाया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार रात अपने वीडियो संबोधन में ही एक 'बड़े हमले' की आशंका जताते हुए निवासियों से हवाई हमले के अलर्ट पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया था। मंगलवार सुबह जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर चले इस हमले में 656 स्ट्राइक ड्रोन और बैलिस्टिक, क्रूज व एंटी-शिप सहित विभिन्न प्रकार की 73 मिसाइलें दागी हैं। रूसी मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाले इंटरसेप्शन हार्डवेयर का जिक्र करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमें पैट्रियट सिस्टम के लिए मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अमेरिका से तत्काल मदद की आवश्यकता है।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाएंगे

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलुस माशातिले ने मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, कौशल विकास तथा जन-से-जन संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने तथा ब्रिक्स, जी-20, इब्सा और हिंद महासागर तटीय संघ जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के उपायों पर चर्चा की।




**श्रीनगर। हवाई अड्डे पर मक्का से आने वाले हज यात्रियों के पहले जत्थे का स्वागत करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।**

## जल्द शुरू हो सकता है 'अल नीनो' का खतरनाक दौर

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 'अल नीनो' का एक नया और खतरनाक दौर अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की मार झेल रही धरती के तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की ओर से जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अल नीनो के साल 2026 के बाकी महीनों में और मजबूत होने का अनुमान है, जिससे दुनिया के कई हिस्सों में भीषण और चरम मौसम देखने को मिल सकता है।कई देशों की मौसम एजेंसियों के अनुमान बताते हैं कि यह अब तक का सबसे मजबूत अल नीनो हो सकता है, जिसे विशेषज्ञ 'सुपर अल नीनो' भी कह रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तरीके से ट्रक चलाने वाले 30 भारतीय गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे और व्यावसायिक ट्रक चलाने वाले लगभग 30 भारतीयों को एक संघीय अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इन सभी को जल्द ही देश से निर्वासित किया जाएगा। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में चलाए गए 'आपरेशन चेकमेट' के दौरान सीमा गश्ती एजेंटों ने 52 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे थे।

### अमेरिका के आयोवा में अंधाधुंध गोलीबारी सात लोगों की मौत

**आयोवा (अमेरिका)।** अमेरिका के आयोवा राज्य के मस्कटाइन में एक घरेलू विवाद के कारण गोलीबारी हुई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस विभाग के अनुसार, बंदूकधारी ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बंद. कधारी की पहचान 52 वर्षीय रयान विलिस मैकफार्लैंड के रूप में की है। उसने तीन अलग-अलग स्थानों पर छह व्यक्तियों की हत्या की। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। मस्कटाइन पुलिस विभाग को दोपहर करीब 12:12 बजे गोल. ीबारी की सूचना मिली थी।

### यूएनईपी ने भीषण गर्मी से निपटने के लिए शुरू की पहल

**नैरोबी।** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते और जानलेवा मौसमी खतरों में से एक 'भीषण गर्मी' से निपटने के लिए एक नया वैश्विक अभियान शुरू किया है। विश्व पर्यावरण दिवस से ठीक पहले 'हीट एक्शन डे' पर शुरू की गई इस पहल में दुनिया भर के 50 से अधिक शहर एक साथ आए हैं। 'फिफ्टी एट फिफ्टी' नामक इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी से निपटने की तैयारियों को मजबूत करना है।

# लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज

## इजरायल के पीएम नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहा: पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको



■ नेतन्याहू ने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है
■ इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंज. मिन नेतन्याहू को लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए संयम बरतने की सलाह दी है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने टेलीफोन पर बातचीत में नेतन्याहू को 'पागल' बताया और उन पर कृतघ्न होने का आरोप लगाया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक समय ट्रम्प ने ऊंची आवाज में पूछा कि आप आखिर कर क्या रहे हैं? यह कथित बातचीत उस समय हुई जब नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को बेरूत के दाहिएह क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने का आदेश दिया था। इजरायली सेना द्वारा जमीनी अभियान तेज किए जाने और वर्षों में पहली बार लेबनान के भीतर अधिक गहराई तक प्रवेश करने के कारण दक्षिणी लेबनान में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। नेतन्याहू ने रविवार को जारी एक बयान में कहा था कि उन्होंने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है। इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है। इजरायली सेना ने इससे पहले 1982 में इस 12वीं शताब्दी के किले पर कब्जा किया था और लेबनान से वापसी करने तक 18 वर्षों तक उस पर नियंत्रण बनाए रखा था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि लेबनान में इजरायली हमले सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए व्यापक युद्धविराम समझौते का उल्लंघन हैं। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम स्पष्ट रूप से सभी मोर्चों पर लागू है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। किसी एक मोर्चे पर इसका उल्लंघन, सभी मोर्चों पर युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। इसके परिणामों के लिए अमेरिका और इजरायल जिम्मेदार होंगे। फोन वार्ता के बाद ट्रम्प ने अपनी बात. चीत को 'सकारात्मक और उपयोगी' बताया और कहा कि इजरायल बेरूत में कोई बड़ा सैन्य अभियान नहीं चलाएगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आज मेरी बिबी नेतन्याहू से बातचीत हुई। मैंने उनसे कहा कि वे लेबनान की राजधानी बेरूत में कोई बड़ा हमला न करें। उन्होंने अपने सैनिकों को वापस मोड़ दिया।

## युद्धविराम पर सहमति होने के बावजूद के लेबनान में झड़पें जारी

**बेरूत/तेल अवीव।** अमेरिका की तैयार की गई आंशिक युद्धविराम योजना को इजरायल और हिजबुल्ला दोनों पक्षों की ओर से स्वीकार किए जाने के बाद भी लेबनान में जमीनी स्तर पर संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। समझौते की घोषणा के बावजूद आज भी अलग-अलग इलाकों में दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें जारी रहीं। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट की है कि दक्षिणी लेबनान और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। इजरायली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके कई मोर्चों पर आमने-सामने हैं। इस कारण इस शांति समझौते के टिके रहने पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस आंशिक युद्धविराम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जारी मानवीय संकट को कम करना और पूर्ण शांति के लिए रास्ता तैयार करना था। हालांकि जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है, जहां दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। राजनयिक हलकों में चिंता जताई जा रही है कि यदि इन झड़पों को तुरंत नहीं रोका गया तो स्थिति एक बार फिर पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

# इजरायली हमलों से गाजा में मृतक संख्या बढ़कर 72938 हुई



■ पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया

**गाजा।** फलस्तीन के गाजा पट्टी क्षेत्र पर इजरायल के हमले निरंतर जारी है और इन हमलों से गाजा में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 72938 पहुंच गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया है।

मंत्रालय के अनुसार पिछले साल 11 अक्टूबर को युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक गाजा में 929 लोगों की मौत हो चुकी है और 2811 अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा मलबे के नीचे से 781 शवों को भी निकाला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में मृतकों की कुल संख्या 72938 और घायलों की संख्या 172919 तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से सात अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी के निवासियों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। हालांकि, वह हमास आंदोलन को समाप्त करने और इजरायल के बंदियों की वापसी सुनिश्चित करने के अपने घोषित उद्देश्यों को हासिल करने में विफल रहा और अंततः हमास के साथ युद्धविराम पर सहमत होना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजरायल ने इसके कुछ प्रावधानों को लागू करने से इनकार किया है और गाजा पट्टी पर अपने सैन्य अभियान जारी रखे हैं।

# एक भी मोर्चे पर युद्धविराम का उल्लंघन पूरे समझौते का उल्लंघन: अराघची



■ युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच हुए युद्धविराम का किसी भी एक मोर्चे पर उल्लंघन पूरे युद्धविराम समझौते का उल्लंघन माना जाएगा, जिसमें लेबनान भी शामिल है। अराघची ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह युद्धविराम बिना किसी अस्पष्टता के सभी मोर्चों पर लागू एक व्यापक युद्धविराम है, जिसमें लेबनान भी शामिल है।

उन्होंने लिखा कि इस युद्धविराम का किसी एक मोर्चे पर किया गया कोई भी उल्लंघन सभी मोर्चों पर युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब लेबनान में युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल की ओर से हमले जारी हैं। ईरानी समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों पर हमले जारी रखे हैं, जिनमें घरों और नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसे युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन बताया गया है।

## ईरान ने उत्तरी इजरायली निवासियों को इलाका खाली करने की दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान ने इजरायल के कब्जे वाले उत्तरी इलाकों के लोगों को चेतावनी दी है कि अगर इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया तो वे तुरंत यहां से निकल जाएं ईरानी समाचार एजेंसी के अनुसार, 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह के साथ-साथ खुद लेबनानी राजधानी पर भी बमबारी करने की धमकी दी है।

# सैनिकों की कमी से जूझ रहे इजरायल में बवाल

## सैन्य भर्ती के खिलाफ कट्टरपंथी यहूदी सड़कों पर उतरे, हिंसा प्रदर्शन के साथ-साथ आगजनी

**तेल अवीव।** इजरायल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हजारों अति-रूढ़िवादी (अल्ट्रा- आर्थोडाक्स) यहूदियों ने देशभर में प्रदर्शन किया। जिससे हिंसा और बवाल की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर दिया तथा कई स्थानों पर वाहनों में आग लगा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। इजरायली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को जाम कर दिया और एक स्थान पर बस से उतरे एक सैनिक पर भी हमला किया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के कारण यरुशलम और तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र समेत देश के मध्य हिस्से में यातायात व्यवस्था लगभग ठप हो गई। कई राजमार्ग बंद कर दिए गए और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित रहीं। इजरायल में अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय को लंबे समय से धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के आधार पर सैन्य सेवा से छूट



■ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा

मिलती रही है। अब इस छूट पर खतरा मंडरा रहा है। कई आम इजरायली नागरिक इस व्यवस्था से नाराज हैं, क्योंकि लगातार सैन्य अभियानों के चलते इजरायली सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है, जिससे सेना पर दबाव बढ़ रहा है। इस बीच भी अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय के अधिकांश युवा भर्ती से बाहर रहते हैं। यही मुद्दा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी संकट बन गया है। अल्ट्रा-आर्थोडाक्स दलों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद समय से पहले चुनाव की आशंका भी बढ़ गई है। संसदीय समिति के आंकड़ों के अनुसार, हर साल करीब 13000 अल्ट्रा-आर्थोडाक्स युवा 18 वर्ष की भर्ती आयु तक पहुंचते हैं, लेकिन इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम सेना में शामिल होते हैं।

सैनिकों की भारी कमी से जूझ रही इजरायली सेना अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में अधिक. ांश यहूदी पुरुषों को लगभग तीन वर्ष और महिलाओं को दो वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा देनी होती है, जिसके बाद रिजर्व ड्यूटी भी करनी पड़ती है। यरुशलम में प्रदर्शनकारी इजरायल ट्रापर ने कहा, श्यह समुदाय इसे अपने अस्तित्व की लड़ाई मानता है। सेना में शामिल होने का मतलब धर्म से समझौता करना है। हम अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए यह हमारे लिए जीवन-मरण का सवाल है। कई प्रदर्शनकारियों ने ऐसे पोस्टर भी उठाए जिन पर लिखा था कि हम जियोनिस्ट बनकर जीने से बेहतर यहूदी बनकर मरना पसंद करेंगे।

# डोनाल्ड ट्रम्प सरकार को बड़ा झटका

## संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों ने ट्रांसजेंडर सैनिकों को प्रतिबंधित करने को अवैध करार दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की वह नीति, जिसके तहत ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर रखा गया था, अवैध है। संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया। अमेरिकी अपील अदालत के डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया सर्किट के तीन न्यायाधीशों के पैनल के बहुमत वाले फैसले में मार्च 2025 में वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस के फैसले को बड़े पैमाने पर बरकरार रखा गया।

रेयेस ने अपने फैसले में कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर करने संबंधी कार्यकारी आदेश संभवतः उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। रेयेस द्वारा छह सक्रिय ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों और सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले दो अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक निषेधाज्ञा



■ संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया

जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने इसके खिलाफ अपील की थी। अपील अदालत के बहुमत ने फैसला दिया कि निषेधाज्ञा का दायरा सीमित किया जाए और यह केवल उन वादियों पर लागू हो जो वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे हैं। सेना में शामिल होने की कोशिश कर रहे लोगों को इसमें शामिल नहीं किया गया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, जिससे ट्रम्प प्रशासन को पूरे अपील न्यायालय से मामले की सुनवाई कराने का अनुरोध करने के लिए समय मिल जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पिछले वर्ष ट्रांसजेंडर सैन्य प्रतिबंध को लागू रहने की अनुमति दे चुका है, जबकि इस मामले से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है। इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाला एक अन्य मुकदमा वाशिंगटन राज्य में भी दायर किया गया था, जिसमें अदालत ने नीति को चुनौती देने वाले वादियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। जनवरी 2025 में ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों की यौन पहचान श्एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता से टकराती है, यहां तक कि उसके निजी जीवन में भी और यह सैन्य तैयारियों के लिए हानिकारक है।

# हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव

■ भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किया समर्थन अमेरिका ने 40 लाख से ज्यादा हिंदुओं का किया स्वागत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख सांसद ने प्रतिनिधि सभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें हिंदू-अमेरिकी समुदाय के देश की अर्थव्यवस्था में योगदान का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है।

इस प्रस्ताव का समर्थन सोमवार को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने किया। इसे मिशिगन से भारतीय मूल के डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने पेश किया था। 24 जनवरी 2025 को पेश किए गए इस प्रस्ताव को अब तक 32 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। इनमें राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की। रो खन्ना ने अपनी पोस्ट में कहा कि मुझे सांसद थानेदार के विधेयक **H-Res-69** का सह-प्रायोजक बनने पर गर्व है। यह प्रस्ताव अमेरिका में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के निरंतर योगदान और उसकी जीवंत विविधता का सम्मान करता है, जबकि हम अपने देश के बहुजातीय लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, जिसके 100 से अधिक देशों में 1.2 अरब से ज्यादा अनुयायी हैं। इसमें जिक्र किया गया है कि हिंदू धर्म विभिन्न परंपराओं और आस्था प्रणालियों का समूह है, जो स्वीकार्यता, पारस्परिक सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108